सोमवार, 19 जनवरी 2026

मौसम

तापमान 15 – 27
आर्द्रता 50%
सूर्योदयः 06:19 सूर्यास्तः 17:15

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ शुक्लपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : बुरा वक्त जिन बातों पर ध्यान नहीं देते, उनकी याद दिलाता है।



मौनी अमावस्या पर 4.52 करोड़ लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई पृष्ठ 6

# बंगाल में टीएमसी के महाजंगलराज का खात्मा और भाजपा के सुशासन का आना बहुत जरूरी : मोदी

## सिंगुर की रैली से पीएम ने बंगाल में असली परिवर्तन का किया आह्वान

### कहा- टीएमसी के महाजंगलराज को खत्म करना चाहते हैं बंगाल के लोग



**कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उद्योग, रोजगार व घुसपैठ के मुद्दे को केंद्र में रखते हुए ममता सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बंगाल से टीएससी के महाजंगलराज को समाप्त करना और भाजपा के सुशासन का आना बहुत जरूरी है। विधानसभा चुनाव से पहले बंगाल दौरे के दूसरे दिन हुगली जिले के सिंगुर में भाजपा की परिवर्तन संकल्प रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि बंगाल की जनता अब टीएससी की निर्मम सरकार को सबक सिखाने की ठान चुकी है, ताकि यहां भी भाजपा की सरकार बने और विकास व सुशासन का मार्ग प्रशस्त हो।

मोदी ने असली परिवर्तन लाने का आह्वान करते हुए कहा कि देश में जो भी सरकारें विकास और गरीब कल्याण के कार्यों में रुकावट डालती हैं, उन्हें लगातार सजा मिलती रही है। दिल्ली में भी ऐसी ही सरकार थी जो केंद्र की योजनाओं को लागू नहीं होने देती थी। इसलिए दिल्ली की जनता ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया। अब बंगाल में हर कोई टीएमसी के 15 वर्ष के महाजंगलराज को बदलना चाहता है। कभी बंगाल की राजनीतिक दिशा और दशा बदल देने वाले सिंगुर की धरती से पीएम ने सत्ता परिवर्तन की हुंकार भरते हुए कहा कि बंगाल में भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार होनी चाहिए, क्योंकि इससे विकास को गति मिलेगी। जनसभा पहले पीएम ने लगभग 830 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। तीन नई अमृत भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई।

**माफिया व सिंडिकेट राज खत्म करेंगे**

बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर घेरते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य में टीएमसी का सिंडिकेट राज बेखौफ चल रहा है। दंगाइयों, माफियाओं को यहां खुली छूट है। यहां हर चीज पर सिंडिकेट टैक्स लगाया जाता है। भाजपा सरकार इसे खत्म करेगी, यह मोदी की गारंटी है। मोदी ने कहा कि उद्योग और निवेश बंगाल में तभी आएंगे जब कानून-व्यवस्था की स्थिति सुधरेगी। बंगाल का सामर्थ्य बहुत बड़ा है, यहां बहुत बड़ी-बड़ी नदिया हैं, बहुत बड़े समुद्र तट हैं, उपजाऊ ज़मीन है। बंगाल के हर जिले में कुछ न कुछ खास है। भाजपा योजना बनाकर हर जिले की इस ताकत को बढ़ाएगी।

**राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ करने का आरोप**

मोदी ने टीएमसी सरकार पर वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों की मदद करके राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ करने का भी आरोप दो-हराया। मोदी ने कहा कि टीमएसी यहां घुसपैठियों को भांति-भांति की सुविधाएं देती है। मोदी ने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से केंद्र सरकार सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन की मांग करते हुए टीएमसी सरकार को बार-बार पत्र लिख रही है, लेकिन राज्य सरकार ने कुछ नहीं किया। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी ऐसे गिरोहों को संरक्षण देती है जो घुसपैठियों को बसाने में मदद करते हैं, उनके लिए फर्जी दस्तावेज बनाते हैं। उन्होंने भरोसा दिया कि भाजपा राज्य से अवैध प्रवासियों को बाहर करेगी।

**बहन-बेटियों, नौजवानों को आवाज बुलंद करनी होगी**

मोदी ने महान समाज सुधारक ईश्वर चंद्र विद्यासागर द्वारा बताए रास्ते पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि अब बंगाल की बहन-बेटियों, नौजवानों को आवाज बुलंद करनी होगी। टीएमसी के राज में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं और शिक्षा व्यवस्था भी माफियाओं और भ्रष्टाचारियों के कब्जे में है। इसलिए लोगों को भाजपा को वोट देना चाहिए, ताकि संदेशखाली जैसी घटनाएं दोबारा न हों और भ्रष्टाचार के कारण हजारों शिक्षकों को अपनी नौकरी न गंवानी पड़े। कालेजों में दुष्कर्म और हिंसा की घटनाएं न हो। मोदी ने पलटानो दोरकार, चाई बीजेपी सरकार (पलटने की दरकार, चाहिए भाजपा सरकार) का नारा भी दिया।

**बांग्ला भाषा और साहित्य बहुत समृद्ध**

पीएम ने कहा कि बांग्ला भाषा और साहित्य बहुत समृद्ध है लेकिन बांग्ला भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा भी तब मिला जब आपने केंद्र में भाजपा की सरकार बनाई। मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों से ही बंगाल की दुर्गा पूजा को यूनेस्को ने सांस्कृतिक विरासत का दर्जा दिया है। मोदी ने सवाल किया कि ये टीएमसी वाले जब पूर्ववती यूपीए सरकार में भागीदार थे तब इन्होंने यह सब क्यों नहीं किया?

**टीएमसी बंगाल के लोगों से दुश्मनी निकाल रही**

मोदी ने कहा कि टीएमसी सरकार केंद्र की योजनाओं को गरीब लोगों तक ठीक से पहुंचने ही नहीं देती। इन्हें मुझसे, भाजपा से दुश्मनी है यह तो समझ आता है लेकिन टीएमसी तो बंगाल के लोगों से अपनी दुश्मनी निकाल रही है।

**सिंगुर में पीएम ने उद्योग को लेकर नहीं दिया कोई बड़ा संदेश**

पीएम ने सिंगुर की रैली से हालांकि उद्योग को लेकर कोई बड़ा संदेश नहीं दिया, जिससे राजनीतिक विश्लेषक भी हैरान हैं। मालूम हो कि करीब दो दशक पहले पूर्ववर्ती वाममोर्चा सरकार के खिलाफ ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस द्वारा चलाए गए भूमि अधिग्रहण विरोधी आंदोलन के कारण टाटा की बहुचर्चित नैनो कार परियोजना सिंगुर से गुजरात स्थानांतरित हो गई थी। बहुचर्चित सिंगुर और नंदीग्राम के दोहरे आंदोलनों की बदौलत ही वर्ष 2011 के चुनाव में ममता ने बंगाल में वाममोर्चे के 34 वर्षों के लंबे शासन को समाप्त कर दिया था।

# गाजा समझौता: राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत को 'बोर्ड ऑफ पीस' का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया

**नयी दिल्ली :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा शांति समझौते के लिए भारत को अन्य वैश्विक साझेदारों के साथ 'बोर्ड ऑफ पीस' का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। वाशिंगटन, ट्रंप के 'बोर्ड ऑफ पीस' को गाजा और उसके आसपास शांति एवं स्थिरता लाने के लिए एक नए अंतरराष्ट्रीय निकाय के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि यह निकाय अन्य वैश्विक संघर्षों में भी अहम भूमिका निभा सकता है। मूल रूप से, इस नए निकाय को गाजा के पुनर्निर्माण के लिए शासन की देखरेख और वित्तपोषण समन्वय का कार्य सौंपा जाना है। इजराइल के दो वर्षों के सैन्य अभियान के दौरान गाजा पट्टी पूरी तरह तबाह हो गई है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने गाजा पट्टी में इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौते के दूसरे चरण के तहत इस बोर्ड का अनावरण किया। पिछले साल अक्टूबर में इजराइल और हमास ने ट्रंप की शांति योजना पर सहमति जताई थी। सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत को नए निकाय का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया है।

# नवारो ने फिर साधा भारत पर निशाना, कहा : भारत में एआई के लिए अमेरिका के लोग क्यों कर रहे भुगतान

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने एक बार फिर भारत की आलोचना करते हुए सवाल उठाया कि अमेरिका के नागरिक भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए भुगतान क्यों कर रहे हैं? नवारो की ये टिप्पणियां भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव के बीच शनिवार को आईं। नयी दिल्ली-वाशिंगटन के संबंधों में खटास की शुरुआत अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क (टैरिफ) लगाने



के बाद हुई। इस टैरिफ में रूसी कच्चे तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क भी शामिल है। नवारो ने 'रियल अमेरिकाज वॉयस' के साथ एक साक्षात्कार में कहा, सवाल यह उठता है कि अमेरिका के नागरिक भारत में एआई के लिए भुगतान क्यों कर रहे हैं? चैट जीपीटी अमेरिकी जमीन पर काम कर रहा है, अमेरिकी बिजली का उपयोग कर रहा है और चैट जीपीटी के बड़े उपयोगकर्ताओं को सेवाएं प्रदान कर रहा है, उदाहरण के लिए भारत, चीन और दुनिया के अन्य हिस्सों में। इसलिए यह एक और मुद्दा है, जिसे सुलझाया जाना चाहिए।

# झारखंड के लातेहार में बारात ले जा रही बस पलटी; नौ लोगों की मौत, 80 घायल



**लातेहार/गुमला :** झारखंड के लातेहार जिले में रविवार को बारात ले जा रही एक बस के पलट जाने से उसमें सवार कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 80 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा महुआडांड़ पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत ओरसा बंगलाधारा घाटी में हुआ। पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुमार गौरव ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले से बारात लेकर बस लातेहार के महुआडांड़ आ रही थी। बस पलट गई और पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में से चार महिलाएं शामिल हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है।' वहीं, एक अन्य अधिकारी ने बताया कि लातेहार के अस्पताल में इलाज के दौरान दो और लोगों की मौत हो गई जबकि गुमला सदर अस्पताल में भी दो लोगों की मौत हुई।गुमला के सिविल सर्जन शंभूनाथ चौधरी ने कहा कि नौ घायलों को यहां के सदर अस्पताल में रेफर किया गया था जिनमें से दो को मृत घोषित कर दिया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लातेहार के उपायुक्त को घायलों को उचित चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने का निर्देश दिया। उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) विपिन कुमार दुबे ने बताया कि 60 घायलों को महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में और 20 से अधिक को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा, ''गंभीर हालत वाले 32 लोगों को बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) भेजा जा रहा है।'' दुबे ने बताया कि मृतकों की पहचान रेशांति देवी (35), प्रेमा देवी (37), सीता देवी (45), सोनमती देवी (55), सुखना भुइयां (40) और विजय भुइयां के रूप में हुई है।

# काठमांडू के महापौर बालेंद्र शाह 'बालेन' ने दिया अपने पद से इस्तीफा, ओली के खिलाफ लड़ेंगे चुनाव

**काठमांडू :** काठमांडू महानगर के महापौर बालेंद्र शाह 'बालेन' ने नेपाल में पांच मार्च को होने वाला संसदीय चुनाव लड़ने के लिए रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। महापौर पद से औपचारिक रूप से इस्तीफा देने के बाद, बालेन रवि लामिछाने के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी में शामिल हो गए, जिसने उन्हें अपना प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है। बालेन के करीबी सूत्रों के अनुसार, वह पूर्वी नेपाल के कोशी प्रांत के झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र से आम चुनाव लड़ रहे हैं, जहां वह 'कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी)' के अध्यक्ष और हाल में प्रधानमंत्री के पद से अपदस्थ हुए के पी शर्मा ओली को चुनौती देंगे।

नए आयामों के कारण युद्ध अब जटिल हो गए हैं: राजनाथ पृष्ठ 7

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

जब चीजें सुचारू रूप से चलने लगें तो पुरानी पीढ़ी को पीछे हट जाना चाहिए: गडकरी पृष्ठ 7

# जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में आठ सैनिक घायल



**जम्मू :** जम्मू कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के एक सुदूर वन क्षेत्र में रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच छिड़ी मुठभेड़ में आठ जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच घंटों तक भीषण गोलीबारी हुई। उन्होंने बताया कि फिलहाल गोलीबारी बंद है। अधिकारियों के मुताबिक, घेराबंदी को मजबूत करने और आतंकवादियों को मार गिराने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि सेना की जम्मू आधारित व्हाइट नाइट कोर द्वारा 'ऑपरेशन त्राशी-1' नाम से शुरू किया गया यह अभियान दोपहर के समय शुरू हुआ। 'व्हाइट नाइट कोर' ने 'एक्स' पर बताया कि जम्मू कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर चलाए जा रहे संयुक्त आतंकवाद रोधी अभियान के तहत तलाशी के दौरान सुरक्षाबलों का चतरू के उत्तर-पूर्व में सोननार क्षेत्र में आतंकवादियों से सामना हुआ। सेना ने कहा, ''घेराबंदी को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त बलों को तैनात किया गया है तथा नागरिक प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों के साथ घनिष्ठ समन्वय के साथ अभियान जारी है।'' सेना ने चुनौतीपूर्ण भौगोलिक स्थिति और परिस्थितियों में गोलीबारी का जवाब देते हुए असाधारण पेशेवर अंदाज एवं दृढ़ रुख प्रदर्शित करने पर जवानों की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि एक तलाशी दल का सामना दो-तीन विदेशी आतंकवादियों से हुआ, जो कथित तौर पर पाकिस्तान आधारित जैश-ए-मोहम्मद से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि इन आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की और घेराबंदी तोड़कर भागने की कोशिश के तहत हथगोले फेंके।

# भारत जब तक धर्म के मार्ग पर चलता रहेगा, तब तक 'विश्वगुरु' बना रहेगा: भागवत



**मुंबई :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि जब तक धर्म भारत का मार्गदर्शन करता रहेगा, देश 'विश्वगुरु' बना रहेगा। भागवत ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि ऐसा आध्यात्मिक ज्ञान दुनिया के दूसरे हिस्सों में नहीं पाया जाता। उन्होंने कहा कि धर्म ही पूरे ब्रह्मांड को चलाता है और सब कुछ उसी सिद्धांत पर चलता है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भारत को अपने पूर्वजों से एक समृद्ध आध्यात्मिक धरोहर विरासत में मिली है और साधु-संतों से मार्गदर्शन मिलता रहा है। भागवत ने कहा कि धर्म केवल धार्मिकता तक सीमित नहीं है और प्रकृति में हर किसी का अपना नैतिक कर्तव्य व अनुशासन होता है। उन्होंने कहा कि जब तक ऐसा धर्म भारत का मार्गदर्शन करता रहेगा, तब तक भारत 'विश्वगुरु' बना रहेगा। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि दुनिया के पास इस तरह का ज्ञान नहीं है, क्योंकि उसमें आध्यात्मिकता की कमी है। उन्होंने कहा, ''यह हमारे पूर्वजों की विरासत है, जो हमें मिली है।'' भागवत ने कहा, ''चाहे वह नरेन्द्र भाई हों, मैं हूं, आप हों या कोई और, हम सभी को एक ही शक्ति चला रही है। यदि वाहन उस शक्ति से चले, तो कभी कोई दुर्घटना नहीं होगी। वह चालक धर्म है।'' भागवत ने इस बात पर जोर दिया कि जब सृष्टि का निर्माण हुआ, तो इसके क्रियाकलापों को संचालित करने वाले नियम ही धर्म बन गए। भागवत ने कहा कि धर्म केवल धार्मिकता तक सीमित नहीं है और प्रकृति में हर किसी का अपना नैतिक कर्तव्य व अनुशासन होता है। भागवत ने कहा, पानी का धर्म है बहना, आग का धर्म है जलाना। पुत्र का कर्तव्य है, शासक का कर्तव्य है और आचार-व्यवहार के नियम होते हैं। हमारे पूर्वजों ने इन नियमों को आध्यात्मिक शोध और महान प्रयासों के माध्यम से समझा। उन्होंने उस अहंकार से बचने का आग्रह किया, जो किए जा रहे पवित्र कार्य को बिगाड़ सकता है। भागवत ने कहा, ''हमें अहंकार से मुक्त होने की आवश्यकता है।'' भागवत ने एक कुम्हार के गधे की एक कहानी भी साझा की, जो एक मूर्ति ढोते समय यह गलती से मान बैठा कि गांववाले उसे नमन करते हैं।

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
Floow : facebook.com/poorvaorthopedic
www.twitter.com/poorvaortho



Four Square by Basu Hotel
ENJOY A JOYFULL EXPERIENCE



A Fresh Reason to Return...!
- Specious Room with Beautiful Ambiance
- Wi-Fi Connectivity Rooms
- Swimming Pool/ Kids Pool/ Pool Party
- Office Functions & Party Space Available
- Dining Area
- In House Restaurants
- Non-Smoking Rooms
- Kids Play Zone
- Travel Desk
- Led TV with Exhaustive Channel List
- STD/ISD Calling Facility
- Lavatories
- 24 Hrs Bell Desk/ Room Service
- 24 Hrs Security/ CCTV
- Wake-up Call Facility
- Coffee Corner Round the Clock

2 Minutes Away from NEW DIGHA RAILWAY STATION

PICKUP & DROP FACILITY AVAILABLE



Four Square by Basu Hotel
PLOT NO-79, N 2 SECTOR, NEW DIGHA
For Booking call Mr. Tamal Das : M.: 90 8325 0083/ 82 9653 8545
For Enquiry call Mr. Uday Shaw : M.: 98300 17241
THIS HOTEL BELONGS TO SHAW GROUP OF HOTELS

# बीएमसी के नतीजे बड़े बदलाव के संकेत

महाराष्ट्र में हाल ही में संपन्न स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा के नेतृत्व में महायुति गठबंधन की महत्वपूर्ण सफलता ने राज्य में बड़े राजनीतिक बदलाव का संकेत दे दिया है, जो आने वाले दशकों में राज्य की भगवा राजनीति की विरासत पर वर्चस्व की दिशा भी तय करेगा। राज्य के विधानसभा चुनावों में भाजपा नीत महायुति गठबंधन द्वारा विपक्ष को करारी शिकस्त देने के एक साल से कुछ अधिक समय के बाद अब सत्तारूढ़ गठबंधन ने राज्यव्यापी स्थानीय निकाय चुनावों में अपना दबदबा कायम कर लिया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दशकों तक शिवसेना के वर्चस्व वाले बहुचर्चित बृहन्मुंबई नगर निगम यानी बीएमसी के चुनावों में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। निश्चित रूप से इस हालिया परिणाम से आने वाले सालों में मुंबई की सत्ता में निर्णायक बदलाव आएगा। अविभाजित पार्टी के रूप में, बाल ठाकरे द्वारा स्थापित शिवसेना ने दशकों तक भारत की वित्तीय राजधानी पर शासन किया। लेकिन अब भाजपा की अगुवाई में शिवसेना से अलग हुए एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला गुट बीएमसी में अहम भूमिका निभाएगा। जैसे महाराष्ट्र सरकार में एकनाथ शिंदे उप मुख्यमंत्री की भूमिका निभा रहे हैं, वैसी बीएमसी में पार्टी की भूमिका रहेगी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दो दशक बाद ठाकरे भाइयों की पार्टियों के एकजुट होकर लड़ने के बावजूद राज्य में महायुति की लहर रुकी नहीं। यही वजह है कि पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की शिवसेना और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की हाल ही में सामने आई प्रतीकात्मक एकता चुनावी सफलता में बदलने में कामयाब नहीं हो सकी। वहीं दूसरी ओर शरद पवार और उनके भतीजे अजीत पवार के नेतृत्व वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गुटों के बीच गठबंधन पूणे में बुरी तरह विफल हो गया। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र की राजनीति में बीएमसी चुनाव परिणामों के गहरे निहितार्थ रहे हैं। बहुचर्चित बृहन्मुंबई नगर निगम यानी बीएमसी को देश का सबसे धनी नगर निगम होने का गौरव हासिल है। जिसके चलते इसका राजनीतिक महत्व बहुत अधिक है।

महाराष्ट्र की राजनीति में बीएमसी के महत्व का अंदाजा इसके बजट से लगाया जा सकता है। इसका बजट वर्ष 2025-26 के लिये 74,427 करोड़ रुपये का है, जो हिमाचल प्रदेश और गोवा जैसे राज्यों के बजट से भी अधिक है। ऐसे में हालिया स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन के वर्चस्व के बाद स्थानीय निकाय की नई संरचना का मुंबई के शासन, नीतिगत प्राथमिकताओं और महाराष्ट्र की राजनीतिक गतिशीलता पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। यहां सकारात्मक पहलू यह भी है कि जनता ने विकास की आकांक्षा को तरजीह दी और क्षेत्रीय संकीर्णता के नारे को खारिज किया। चुनाव परिणाम मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के विकास के वादे का समर्थन करते हैं। हालांकि, ठाकरे परिवार का 'मराठी मानुष' कार्ड ज्यादा मतदाताओं को आकर्षित नहीं कर पाया। एक बार फिर महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनाव परिणामों में कांग्रेस हाशिये पर नजर आई। ऐसे में यह कांग्रेस को फिर से आत्ममंथन का मौका देता है। निर्विवाद रूप से महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव परिणामों ने विपक्ष के महा विकास अघाड़ी गठबंधन के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है, जिसके घटक दल पहले ही महाराष्ट्र की राजनीति में प्रासंगिक बने रहने के लिये संघर्ष कर रहे हैं। राजनीतिक पंडित कह रहे हैं कि महाराष्ट्र की राजनीति में बरसों तक वर्चस्व रखने वाले ठाकरे और पवार के राजनीतिक परिवार को राज्य में अपनी प्रासंगिकता बनाये रखने के लिये नये सिरे से प्रयास करने होंगे। वहीं दूसरी ओर इन चुनाव परिणामों का एक निष्कर्ष यह भी है कि भाजपा चुनावों में जीतने का गणित सीख गई है। पार्टी के बूथ मैनेजमेंट के साथ संघ का संबल उसकी विजय की राह प्रशस्त करता है। यही वजह है कि स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा न केवल अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ती नजर आई, बल्कि अपने सहयोगियों पर भी भारी पड़ी है।

# रासायनिक उर्वरकों का बढ़ता जाल: क्या अब बड़े सुधारों का समय आ गया है?



पद्मश्री राम सरन वर्मा

भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहाँ की एक बड़ी आबादी अपनी आजीविका के लिए सीधे तौर पर खेती पर निर्भर है।देश की बढ़ती खाद्य माँग को पूरा करने के उद्देश्य से पिछले कई दशकों से रासायनिक उर्वरकों का उपयोग निरंतर बढ़ाया गया है।शुरुआती दौर में इन उर्वरकों ने उत्पादन बढ़ाने में निश्चित रूप से मदद की, लेकिन आज इनके अंधाधुंध और अनियंत्रित उपयोग के कारण कृषि, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर गंभीर संकट मंडराने लगा है।

**उर्वरकों की खपत के भयावह आंकड़े**

देश में रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते उपयोग का अंदाज़ा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2018-2019 में जहाँ 115 करोड़ बैग की खपत हुई थी, वहीं 2024-25 के दौरान यह आंकड़ा 150 करोड़ बैग को पार कर गया है।गौर करने वाली बात यह है कि भारत की जनसंख्या लगभग 143 करोड़ है, जबकि उर्वरकों की खपत 150 करोड़ बैग से भी अधिक हो चुकी है।यह असंतुलन न केवल चिंताजनक है, बल्कि भविष्य के लिए एक बड़े खतरे का संकेत भी है।

**सेहत और मिट्टी पर दोहरी मार**

रासायनिक उर्वरकों का असर अब हमारे थाल तक पहुँच चुका है।गेहूँ, चावल, दालें, सब्जियाँ, फल और यहाँ तक कि दूध, दही और घी भी इनके रसायनों से अछूते नहीं रहे हैं।इसके परिणामस्वरूप देश में कैंसर, हृदय घात, एलर्जी और मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों के मामले दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे हैं।

खेतों की स्थिति भी कम सोचनीय नहीं है।नियमानुसार, उर्वरकों का उपयोग केवल पौधों की जड़ों के पास होना चाहिए, लेकिन पूरे खेत में इनके छिड़काव से खरपतवार की समस्या बढ़ जाती है।इस खरपतवार को खत्म करने के लिए फिर भारी मात्रा में खरपतवार-नाशक दवाओं का उपयोग होता है, जो मिट्टी की उर्वरता को नष्ट कर देती हैं।मिट्टी की खोई हुई शक्ति वापस पाने के लिए किसान और अधिक खाद डालता है, और यह दुष्चक्र हर साल मिट्टी को और अधिक बंजर बनाता जा रहा है।

**अर्थव्यवस्था पर बोझ और कालाबाजारी**

उर्वरक क्षेत्र में बढ़ता निवेश देश की अर्थव्यवस्था पर भी भारी पड़ रहा है।वर्तमान में देश में प्रतिवर्ष लगभग 3 लाख करोड़ रुपये (सब्सिडी सहित) के रासायनिक उर्वरकों का उपयोग हो रहा है।विडंबना यह है कि हमारा उर्वरक उद्योग 80 प्रतिशत तक विदेशी कच्चे माल या आयातित उर्वरकों पर निर्भर है।कुल 3 लाख करोड़ रुपये में से 2.5 लाख करोड़ रुपये केवल आयात में खर्च हो जाते हैं।इस प्रकार, एक ओर हमारी भूमि बंजर हो रही है, तो दूसरी ओर देश की बड़ी पूंजी विदेशों में जा रही है।

सरकार किसानों के कल्याण के लिए भारी सब्सिडी दे रही है।पिछले 10 वर्षों में लगभग 13 लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी प्रदान की गई है।इसी सब्सिडी के कारण 40 रुपये प्रति किलो वाली यूरिया खाद किसानों को 6 रुपये प्रति किलो से भी कम दाम पर उपलब्ध है।स्थिति यह है कि यूरिया आज पशुओं के चारे से भी सस्ता हो गया है।सरकार 85 से 90 प्रतिशत तक सब्सिडी देती है ताकि किसानों को यूरिया एक चाय के कप से भी कम कीमत पर मिले।लेकिन इसी कम कीमत का लाभ उठाकर बिचौलिए इसकी कालाबाजारी करते हैं और कृषि के बजाय इसका उपयोग प्लाईवुड कारखानों, कैटल फीड और मिलावटी दूध बनाने में कर रहे हैं।

**सुधार की राह और समाधान**

इस संकट से उबरने के लिए अब ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।पहले खेतों से निकलने वाले अवशेषों का उपयोग जैविक खाद के रूप में होता था, जिससे मिट्टी का 'जैविक कार्बन' बना रहता था।आज इन अवशेषों को बेचने से किसानों को कुछ लाभ तो होता है, लेकिन वह रासायनिक उर्वरकों की वास्तविक लागत के मुकाबले बहुत कम है।

सरकार को चाहिए कि वह रासायनिक उर्वरकों के बैग का वजन कम कर उसकी जगह जैविक खाद के विकल्प उपलब्ध कराए।साथ ही, अत्यधिक उर्वरक उपयोग वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां विशेष निगरानी दल गठित किए जाने चाहिए।

**धरती की सेहत सुधारने के लिए जरूरी सुझाव:**

1. हरी खाद का अधिक इस्तेमाल:जिस तरह शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग आवश्यक है, उसी तरह से मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए हरी खाद अनिवार्य है।
2. पौधों का विकास:जैविक खाद के प्रयोग से पौधों की जड़ों को फैलने और गहराई तक जाने का पर्याप्त अवसर मिलता है।
3. वैज्ञानिक फसल चक्र:एक ही तरह की फसल बार-बार उगाने के बजाय फसल चक्र बदलें।जैसे दलहनी फसलें जमीन के गहरे स्तर से पोषक तत्व लेती हैं, जबकि गेहूं और धान ऊपरी सतह से।
4. उन्नत सिंचाई तकनीक:ड्रिप इरिगेशन (टपक सिंचाई) अपनाएं और खेती से पहले भूमि को समतल करें।इससे पानी की बचत होगी और उर्वरक सीधे पौधों पर कारगर तरीके से काम करेंगे।
5. यूरिया का कुशल उपयोग:यूरिया का छिड़काव शाम के समय अधिक प्रभावी होता है, जिससे कम खाद में बेहतर परिणाम मिलते हैं।
6. पशुधन और जैविक संतुलन:पशुपालन को बढ़ावा दें ताकि गोबर की खाद का उपयोग बढ़े।इससे उत्पादन क्षमता दीर्घकालिक बनी रहेगी और मिट्टी को भी विश्राम मिलेगा।

यदि हमने आज मिट्टी नहीं बचाई, तो हमारा भविष्य भी सुरक्षित नहीं रहेगा। समय आ गया है कि हम रसायनों के इस मोह को छोड़कर प्रकृति की ओर लौटें।

# सत्ता, संगठन, प्रबंधन और रणनीति की जीत



डॉ घनश्याम बादल

## बिखराव, टकराव और संभ्रम का शिकार रहा विपक्ष

बीएमसी एवं महाराष्ट्र के स्थानीय नगर निकाय चुनाव में शिवसेना के उद्धव ठाकरे एवं राज ठाकरे के गुटों का साथ आना भी कोई चमत्कार नहीं कर पाया। शरद पवार और उनकी पार्टी और कोने में खिसक गए हैं जबकि अजीत पंवार सत्तारूढ़ संगठन में ज़रूर हैं लेकिन उनकी अहमियत बढ़ती दिखाई नहीं दे रही है। कुल मिलाकर इन चुनावों में एकनाथ शिंदे एवं देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र की राजनीति पर अपनी पकड़ को अच्छे से साबित किया है। सार रूप में यह भी कह सकते हैं कि भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना शिंदे गुट शहरी जनता की नब्ज पकड़ने में कामयाब रहे । जबकि विपक्ष आपसी टकराव एवं रणनीतिक नाकामयाबी का शिकार होने से सत्ता की राजनीति से थोड़ा और दूर खिसक गया है।

महाराष्ट्र के नगर निगम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) की जीत केवल सत्ता पक्ष की सफलता नहीं है, बल्कि यह उस राजनीतिक असंतुलन की घोषणा है, जिसमें विपक्ष अभी तक अपने लिए ठोस दिशा तय नहीं कर पाया है। आज जब महाराष्ट्र की राजनीति पहले से ही विभाजन, अविश्वास और पुनर्संरचना के दौर से गुजर रही है तब नगर निगम चुनावों ने इसे सतह पर ला दिया है और अब इसका असर केवल सत्ता पक्ष की रणनीति तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि विपक्ष की प्रतिक्रिया और उसकी क्षमता की भी निर्णायक परीक्षा होगी।

इन चुनावों की परिस्थितियाँ शुरू से सत्ता पक्ष के अनुकूल थीं। राज्य सरकार, प्रशासनिक तंत्र और शहरी विकास की चाबी भाजपा-शिवसेना शिंदे गठबंधन के हाथों में थी। नगर निगम जैसे चुनावों में मतदाता देखता है कि उसके रोज़मर्रा के काम कौन कर सकता है । ऐसे में सत्तारूढ़ गठबंधन का उम्मीदवार स्वतः ही लाभ की स्थिति में आ जाता है। भाजपा की संगठित चुनावी मशीनरी और शिंदे गुट की स्थानीय नेटवर्क-आधारित राजनीति ने इस लाभ को और ठोस बना दिया जिसके सामने विपक्ष न केवल कमजोर दिखा, बल्कि आत्मविश्वास की कमी से भी जूझता नज़र आया।

इस पूरे परिदृश्य का सबसे दिलचस्प और भविष्य के लिए निर्णायक पहलू विपक्ष की प्रतिक्रिया उलझी हुई प्रतिक्रियाएँ हैं। चुनाव परिणाम आने के बाद विपक्ष के स्वर समान नहीं रहे। कहीं इसे ईवीएम और सत्ता के दुरुपयोग का परिणाम बताया गया, कहीं स्थानीय चुनावों का असर विधानसभा पर नहीं पड़ता कहकर खुद को दिलासा दी और कहीं भीतर ही भीतर आत्ममंथन की बातें हुईं। यह विरोधाभास अपने आप में विपक्ष की सबसे रणनीतिक कमजोरी को उजागर करता है स्पष्टतः राजनीतिक दृष्टि का अभाव भी कहा जा सकता है।

उद्धव ठाकरे गुट की प्रतिक्रिया भावनात्मक रही। उन्होंने इसे नैतिक संघर्ष की लड़ाई बताते हुए कहा कि सत्ता के बल पर चुनाव जीते गए हैं। यह प्रतिक्रिया उनके कोर समर्थकों को भावनात्मक संबल तो देती है, लेकिन राजनीतिक रूप से यह सीमित प्रभाव वाली है। नगर निगम चुनावों में बार-बार गद्दारी का नैरेटिव दोहराना मतदाता को नहीं जोड़ पाया, जो अपने वार्ड की

**महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव**

समस्याओं से जूझ रहा है। यदि यही रुख विधानसभा चुनाव तक जारी रहा, तो यह भावनात्मक संतोष तो देगा, लेकिन संगठनात्मक क्षरण को नहीं रोक पाएगा।

कांग्रेस की प्रतिक्रिया अपेक्षाकृत रक्षात्मक रही। पार्टी ने परोक्ष रूप से स्वीकार किया कि शहरी महाराष्ट्र में उसकी पकड़ कमजोर है, लेकिन साथ ही यह तर्क भी दिया कि विधानसभा चुनाव अलग मुद्दों पर लड़े जाते हैं। यह तर्क ऐतिहासिक रूप से हमेशा सही नहीं रहा है। महाराष्ट्र में नगर निगम चुनाव अक्सर विधानसभा चुनाव का मनोवैज्ञानिक आधार तैयार करते हैं। कांग्रेस की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि उसकी प्रतिक्रिया में न तो आक्रामकता दिखती है और न ही कोई नई राजनीतिक कल्पना और यदि यही हाल जारी रहता है तो फिर आने वाला समय भी महाराष्ट्र में कांग्रेस का नहीं है ।

शरद पवार गुट की प्रतिक्रिया सबसे अधिक रणनीतिक रही तो सबसे अधिक अनिश्चित भी । भीतरखाने यह स्वीकार किया गया कि शहरी क्षेत्रों में पार्टी की पकड़ ढीली पड़ी है, लेकिन सार्वजनिक रूप से इसे अस्थायी झटका बताया गया। इस प्रतिक्रिया का प्रभाव यह होगा कि पार्टी में भविष्य को लेकर असमंजस बना रहेगा। यदि स्पष्ट नेतृत्व और दिशा नहीं दी गई, तो विधानसभा चुनाव से पहले और टूट-फूट की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

राज ठाकरे की चुप्पी भी अपने आप में एक प्रतिक्रिया है। मनसे के लिए यह चुनाव एक चेतावनी की तरह है। मराठी अस्मिता का शहरी वोट अब पूरी तरह से उनकी बपौती नहीं रहा। उनकी अगली प्रतिक्रिया चाहे वह भाजपा के साथ समीकरण हो या स्वतंत्र आक्रामक राजनीति विधानसभा चुनाव की दिशा को प्रभावित कर सकती है। लेकिन अगर यह निर्णय देर से लिया गया, तो प्रभाव सीमित रहेगा।

विपक्ष की इन बिखरी प्रतिक्रियाओं का सीधा लाभ सत्ता पक्ष को मिलेगा। भाजपा-शिंदे गठबंधन इस स्थिति को यह कहकर भुनाएगा कि विपक्ष न केवल सत्ता चलाने में अक्षम है, बल्कि हार को स्वीकार कर उससे सीख लेने में भी असमर्थ है।

विधानसभा चुनाव के प्रचार में यही स्थिरता बनाम अराजकता के नॉरेटिव की लड़ाई बन जाएगी। फिर भी यह मान लेना कि विपक्ष पूरी तरह अप्रासंगिक हो चुका है, एक सरलीकरण होगा। नगर निगम चुनावों के बाद विपक्ष के पास अब भी एक अवसर है लेकिन वह अवसर केवल प्रतिक्रिया से नहीं, बल्कि पुनर्गठन से आएगा। यदि विपक्ष इस हार को आत्ममंथन का आधार बनाता है, साझा रणनीति बनाता है और शहरी व ग्रामीण मुद्दों पर एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम पेश करता है, और इन सब से बढ़कर आम आदमी की समस्याओं का अध्ययन करके उन्हें उठाएं एवं उनके हल की गारंटी दे तो विधानसभा चुनाव में मुकाबला रोचक हो सकता है लेकिन यदि प्रतिक्रियाएँ केवल बयानबाज़ी तक सीमित रहीं, तो यह हार एक स्थायी प्रवृत्ति में बदल जाएगी।

अस्तु, महाराष्ट्र की राजनीति इस मोड़ पर खड़ी है जहाँ सत्ता पक्ष जीत के आत्मविश्वास में आगे बढ़ रहा है और विपक्ष अपनी हार का अर्थ तय करने में उलझा है। नगर निगम चुनावों ने विधानसभा चुनाव की दिशा संकेतों में नहीं, लगभग स्पष्ट रेखाओं में खींच दी है। अब यह विपक्ष पर निर्भर करता है कि वह इन संकेतों को चेतावनी माने या बहाना। आने वाला विधानसभा चुनाव इसी सवाल का उत्तर होगा । साथी साथ इसमें यह भी जोड़ना समीचीन होगा कि यदि सत्तापक्ष अति आत्मविश्वास में आत्ममुग्धता का शिकार हो जाएगा और जनाकांक्षाओं की पूर्ति में लापरवाही बरतेगा तो फिर जनतंत्र में उसकी भी वापसी की गारंटी नहीं मानी जा सकती है।

# आज का पंचांग

**कोलकाता :** 19 जनवरी, सोमवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, माघ शुक्लपक्ष प्रतिपदा, 26:12 तक, नक्षत्र : उत्तराषाढ़ा, 11:42 तक, योग : वज्र, 20:37 तक, सूर्योदय: 06:19, सूर्यास्त: 17:15, चन्द्रोदय : 06:41, चन्द्रास्त: 17:45, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 07:43 से 09:04

# राशिफल

**मेष :** मेष राशि का स्वामी मकर राशि में है। आज का दिन कोई विशेष व्यवस्था करने में बीतेगा। आपका भौतिक और सांसारिक दृष्टिकोण आज के दिन कुछ बदल सकता है।

**वृष :** वृष राशि का स्वामी शुक्र मकर राशि में संचार कर रहा है। शुक्र सम्पूर्ण शुभ दृष्टि से कर्क राशि को देख रहा है। राज्य मान-प्रतिष्ठा तथा उत्तम प्रकार की धन सम्पत्ति दायक है।

**मिथुन :** मिथुन राशि का स्वामी आयु भाव में सूर्य से तप्त और विकल है। इसके फल स्वरूप आज का दिन भाग दौड़ और विशेष चिन्ता में व्यतीत होगा। पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर सावधान रहें।

**कर्क :** कर्क राशि चन्द्रमा की राशि है। आज राशि से सप्तम चन्द्रमा उत्तम संपत्ति की प्राप्ति की ओर संकेत कर रहा है, जिसमें कुछ खर्च भी संभव है। रुके हुए किसी कार्य को बनाने की चेष्टा करें।

**सिंह :** सिंह राशि का स्वामी सूर्य मकर राशि का होकर षष्ठम प्रमुख शत्रु भाव में भाग्य वृद्धि में सहायक सिद्ध हो रहा है। कार्यस्थल में स्थान परिवर्तन आपके लिए अच्छा मोड़ सिद्ध होगा।

**कन्या :** कन्या राशि के जातकों के पास अनेक प्रकार के लोग आश्रय लेने आएंगे। ऐसे में आपको सबका सम्मान करना होगा। यहीं लोग आगे चलकर आपके काम आयेंगे।

**तुला :** तुला राशि का स्वामी शुक्र राशि से चतुर्थ भाव में शत्रु वृद्धि व मन संतोष कारक है। आज का दिन आनंद में बीतेगा। चतुर्थ चन्द्रमा श्री और सौन्दर्य में वृद्धि करेगा।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि का स्वामी मंगल तृतीय पराक्रम भाव में व चन्द्रमा तृतीय घर में विजय विभूति कारक है। आज का दिन काज को सुधारने में विशेष योगदान दे रहा है।

**धनु :** आपके अपने बलबूते पर ही अपनी समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें-इससे कोई स्थायी सफलता मिल जाएगी। बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति कराकर कोष वृद्धि कर सकता है।

**मकर :** मकर राशि का स्वामी शनि राशि से तृतीय घर में और चन्द्रमा भी प्रथम भाव में कुछ अधिक व्यस्तता का संकेत दे रहे हैं। व्यापार व्यवसाय की तरफ ध्यान देना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए।

**कुम्भ :** कुंभ राशि का स्वामी शनि द्वितीय भाव में आपकी भाग्य वृद्धि करेगा। धन धर्म कीर्ति की वृद्धि होगी। सर्वत्र विजय विभूति सफलता की प्राप्ति हर्ष मंगलमय परिवर्तन होंगे।

**मीन :** मीन राशि का स्वामी बृहस्पति कर्क राशि का होकर पंचम संतान भाव में चल रहा है। मनोरथ सिद्धि कारक है। घरेलू स्तर पर भी मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है।

# विदेश की खबरें

## बांग्लादेश में केले के विवाद में एक हिंदू व्यवसायी की हत्या, तीन आरोपी हिरासत में लिये गए

**ढाका :** बांग्लादेश के गाजीपुर में केले को लेकर हुए विवाद के बाद एक हिंदू व्यवसायी को तीन लोगों ने पीट-पीटकर मार डाला। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी है। खबरों के मुताबिक आरोपी एक ही परिवार के सदस्य हैं।

अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है कि गाजीपुर जिले के कालीगंज इलाके में शनिवार को हुई घटना का संबंध बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हाल ही में हुई हिंसा की घटनाओं से है या नहीं। 'द डेली स्टार' की खबर के अनुसार, पीड़ित की पहचान लिटन चंद्र घोष (55) के तौर पर हुई है जो 'बैशाखी स्वीटमीट एंड होटल' का मालिक था। कालीगंज पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी जाकिर हुसैन के अनुसार, एक परिवार के तीन सदस्यों स्वपन मियां (55), उसकी पत्नी माजेदा खातून (45) और उनके बेटे मासूम मियां (28) को हत्या में संलिप्त होने के आरोपा में हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मासूम केले के बागान का मालिक है और उसमें से केले का एक गुच्छा गायब हो गया था।

## ट्रंप ने प्रधानमंत्री शरीफ को गाजा के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने का निमंत्रण दिया : पाकिस्तान

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया है। 'व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय)' ने शुक्रवार को 'बोर्ड ऑफ पीस' के संस्थापक कार्यकारी बोर्ड के नियुक्त सदस्यों की सूची जारी की। गाजा के लिए ट्रंप की 20 सूत्री शांति योजना दूसरे चरण में प्रवेश कर चुकी है। ट्रंप पहले ही खुद को इस बोर्ड का अध्यक्ष घोषित कर चुके हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने मीडिया के सवालों के जवाब में इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि पाकिस्तान को औपचारिक निमंत्रण प्राप्त हुआ है। अंद्राबी ने एक बयान में कहा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को अमेरिका के राष्ट्रपति से गाजा के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने का निमंत्रण मिला है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान गाजा में शांति और सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में शामिल रहेगा, जिससे संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के अनुसार फलस्तीन मुद्दे का स्थायी समाधान हो सके।

## नेपाल:पूर्व प्रधानमंत्री देउबा ने पार्टी के नये गुट की मान्यता के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया

**काठमांडू :** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने रविवार को उच्चतम न्यायालय में निर्वाचन आयोग के खिलाफ एक रिट याचिका दायर करके गगन थापा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस को आधिकारिक मान्यता देने के आयोग के फैसले को चुनौती दी। नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रकाश मान सिंह के अनुसार, कार्यवाहक अध्यक्ष पूर्ण खड़का सहित देउबा गुट के नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं पूर्व अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा की ओर से उच्चतम न्यायालय पहुंचकर याचिका दायर की। नेपाली कांग्रेस नेताओं ने दायर याचिका में निर्वाचन आयोग (ईसी), नेपाली कांग्रेस के नये निर्वाचित अध्यक्ष गगन थापा और उपाध्यक्ष विश्वप्रकाश शर्मा को प्रतिवादी बनाया है। नेपाली कांग्रेस ने दावा किया कि निर्वाचन आयोग द्वारा गगन थापा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस को दी गई आधिकारिक मान्यता पार्टी के दर्जे के खिलाफ है। थापा को 11 से 14 जनवरी तक काठमांडू में हुए विशेष महासभा सम्मेलन के माध्यम से नेपाली कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया

# वर्ग पहेली नं. 3326

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | | 3 | | ■ | 4 | ■ |
| 5 | 6 | | ■ | ■ | | ■ | 7 | | 8 |
| ■ | 9 | | ■ | 10 | | | | ■ | |
| 11 | ■ | 12 | 13 | ■ | | ■ | | ■ | |
| 14 | 15 | ■ | 16 | | | ■ | 17 | 18 | |
| ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 | | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 21 | | | ■ | 22 | 23 |
| 24 | | 25 | | | ■ | ■ | 26 | | |
| | ■ | | ■ | 27 | | | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 2) आजीविकाहीन, 5) नष्ट, 7) मनोघात, 9) प्रतिष्ठा, 10) अप्रिय; अरुचिकर, 12) नस, 14) इच्छा, 16) कामदेव, 17) घूमता-फिरता, 19) गुच्छा, 20) बिछौना, 21) सिर्फ, 22) मेघमाला, 24) अत्यधिक, 26) अचल; पक्का, 27) पूर्णतः भरा हुआ.

*ऊपर से नीचे:-* 1) कामयाबी, 2) अधिक अच्छा, 3) अबे-तबे की भाषा, 4) आम हड़ताल, 6) पिता, 7) वाली; संरक्षक, 8) मनुष्यता, 11) बुलंद; श्रेष्ठ; उत्तुंग, 13) सुगंध, 15) दखलंदाजी, 18) चिता जलाने का स्थान, 20) चूहे का घर, 21) भारत का एक राज्य, 23) स्थगित करना, 24) भोज्य पदार्थ, 25) शोक, 26) आगे से; इस क्षण.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ड़ | प | ना | ■ | अ | के | ला | ■ | क़ |
| ■ | ■ | ग | म | क | ना | ■ | वा | क़ | या |
| लो | म | ड़ी | ■ | मा | र | का | ■ | ■ | म |
| ■ | न | ■ | आ | ना | ■ | म | र्मा | ह | त |
| स | मु | च्च | य | ■ | स | गा | ■ | ट | ■ |
| ■ | टा | ■ | ■ | क | टा | र | ■ | क | टि |
| आ | व | भ | ग | त | ■ | ■ | पि | ना | क |
| रं | ■ | न | ■ | वा | र | दा | त | ■ | टि |
| भ | ड़ | क | दा | र | ■ | दू | र | ■ | क |

# सुडोकू-पहेली-3284

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | | | | |
| | 8 | | 1 | | 2 | | 4 | |
| 3 | | | | | 5 | | | |
| | | | 4 | 1 | | 5 | | 2 |
| | 2 | 4 | | | | | 8 | |
| | 1 | 8 | | | | | | 3 |
| | 4 | | | 6 | | | | 5 |
| | | | | | | 9 | 6 | |
| | | 6 | 7 | 5 | | 1 | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3283 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 5 | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 3 | 8 | 6 | 5 | 4 | 1 | 2 |
| 2 | 6 | 4 | 3 | 9 | 1 | 8 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 2 | 6 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 |
| 6 | 4 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 | 3 | 9 |
| 8 | 3 | 9 | 1 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 9 | 4 | 3 | 6 | 8 | 1 |

# पीएम ने सिंगुर से 830 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया शुभारंभ

❑ **तीन नई अमृत भारत ट्रेनों को भी दिखाई हरी झंडी**

❑ **जयरामबाटी– बरोगोपीनाथपुर– मयनापुर के बीच नई रेल लाइन का भी किया उद्घाटन**

❑ **पीएम बोले– नई ट्रेनों की शुरुआत से रेल संपर्क में होगा सुधार**



**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव से पहले बंगाल दौरे के लगातार दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को हुगली जिले के सिंगुर में जनसभा से पहले प्रशासनिक कार्यक्रम में लगभग 830 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें रेलवे, बंदरगाह व पोत परिवहन से जुड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शामिल हैं। इस दौरान पीएम ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से तीन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई। जिनमें हावड़ा-आनंद बिहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस, सियालदह- बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस और संतरागाछी-तांबरम अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन शामिल हैं। पीएम ने कहा कि इन नई ट्रेनों की शुरुआत से लंबी दूरी के उत्तर एवं दक्षिण के महत्वपूर्ण केंद्रों से बंगाल का बेहतर संपर्क के साथ इससे व्यापार, वाणिज्य और यात्री आवागमन को बढ़ावा मिलेगा।

❑ **कल और आज मिलाकर बंगाल को आधा दर्जन नई अमृत भारत ट्रेनें मिलीं**

इस दौरान पीएम ने उल्लेख किया कि कल देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन बंगाल से ही शुरू की गई। कल और आज मिलाकर बंगाल को लगभग आधा दर्जन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें भी मिली हैं। इनमें से एक अमृत भारत ट्रेन मेरे संसदीय क्षेत्र काशी (वाराणसी) के लिए भी है, जो बंगाल से काशी के बीच कनेक्टिविटी को और मज़बूत करेगी। नई अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाए जाने के मौके पर हावड़ा के संतरागाछी स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार व अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी उपस्थित रहे।

❑ **नई रेल लाइन का भी उद्घाटन किया**

पीएम ने दक्षिण पूर्व रेलवे अंतर्गत जयरामबाटी– बरोगोपीनाथपुर– मयनापुर के बीच नई रेल लाइन का भी उद्घाटन किया। यह लाइन तारकेश्वर-विष्णुपुर नई रेल लाइन परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नई रेल लाइन के साथ-साथ पीएम ने जयरामबाटी– मयनापुर के बीच चलने वाली एक नई पैसेंजर ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाकर शुरू किया। इससे बांकुड़ा जिले के निवासियों को सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे दैनिक यात्रियों, छात्रों और तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा अधिक किफायती और सुविधाजनक हो जाएगी।

प्रधानमंत्री ने सिंगुर से हुगली जिले के बालागढ़ में विस्तारित बंदरगाह द्वार प्रणाली का भी शिलान्यास किया, जिसमें अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) टर्मिनल और एक रोड ओवरब्रिज शामिल है। इस परियोजना के तहत बालागढ़ में लगभग 900 एकड़ क्षेत्र में एक आधुनिक कार्गो हैंडलिंग टर्मिनल विकसित किया जाएगा, जिसकी अनुमानित क्षमता लगभग 27 लाख टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) है। इससे श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता की क्षमता में विस्तार होगा। लाजिस्टिक्स लागत में भी कमी आएगी।

❑ **अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक कैटामरान का भी लोकार्पण किया**

प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए कोलकाता में अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक कैटामरान का भी लोकार्पण किया। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित व लिथियम-टाइटेनेट बैटरी तकनीक से लैस 50 यात्रियों की क्षमता वाला यह वातानुकूलित केबिन युक्त जलयान कोलकाता में हुगली नदी में शहरी जल परिवहन व पर्यावरण-पर्यटन में सहयोग प्रदान करेगा। यह कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा अंतर्देशीय जल परिवहन के लिए स्वदेशी रूप से निर्मित छह इलेक्ट्रिक कैटामरानों में से एक है। पीएम ने कहा कि आज हम देश में मल्टी माडल कनेक्टिविटी पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बीते 11 वर्षों में श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता के क्षमता विस्तार पर बहुत बड़ा निवेश किया गया है। इस पोर्ट की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सागर माला स्कीम के तहत भी सड़कें बनाई गई हैं। इसका परिणाम आज हम सभी देख सकते हैं।

❑ **मालदा में 3,250 करोड़ की परियोजनाओं का किया था शुभारंभ**

मालूम हो कि अप्रैल में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री का दो दिवसीय बंगाल दौरा न केवल विकास परियोजनाओं की दृष्टि से बल्कि राजनीतिक रूप से बेहद अहम माना जा रहा है। सिंगुर से एक दिन पहले पीएम मोदी ने शनिवार को मालदा जिले में 3,250 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न रेल एवं सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखीं तथा कई परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। पीएम ने मालदा से हावड़ा–गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच देश की पहली वंदे भारत स्लीपर सहित चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई थी।

## मोदी की सिंगुर रैली से बाहर दिलीप घोष, बंगाल भाजपा में बढ़ी अंदरूनी चर्चा

**कोलकाता :** आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को ऐतिहासिक सिंगुर में राजनीतिक जनसभा करने जा रहे हैं। लेकिन इस अहम मंच पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष नजर नहीं आएंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, दिलीप घोष को सिंगुर की सभा के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है।

हालांकि, भाजपा की ओर से दिलीप घोष को कोलकाता एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत की जिम्मेदारी दी गई है। बताया जा रहा है कि वह रविवार शाम प्रधानमंत्री को विदा करने के लिए भी एयरपोर्ट पर मौजूद रहेंगे।

सिंगुर की रैली में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य, नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार की मौजूदगी तय है। लेकिन मंच पर दिलीप घोष की अनुपस्थिति को लेकर पार्टी के भीतर चर्चाएं तेज हैं। भाजपा के एक वर्ग का मानना है कि पार्टी के विरोधी खेमे दिलीप घोष को प्रधानमंत्री के मंच से दूर रखना चाहते हैं।

गौरतलब है कि शनिवार को मालदा में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान भी दिलीप घोष मौजूद नहीं थे। उस दिन वह सॉल्टलेक स्थित पार्टी कार्यालय में थे। वहीं, बंगाल भाजपा के पुराने और समर्थक खेमे की ओर से यह मांग उठी थी कि सिंगुर की सभा में शमिक, सुकांत और शुभेंदु के साथ दिलीप घोष को भी मंच पर जगह दी जाए।

दिलीप घोष समर्थकों का कहना है कि बंगाल भाजपा के सबसे सफल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष को इस तरह लगातार नजरअंदाज किया जाना उचित नहीं है। बावजूद इसके, रविवार को सिंगुर में प्रधानमंत्री की जनसभा में बंगाल भाजपा के 'दबंग' नेता दिलीप घोष एक बार फिर मंच से दूर ही रहेंगे।

इस घटनाक्रम ने विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की आंतरिक राजनीति को लेकर नई अटकलों को जन्म दे दिया है।

**DATE OF BIRTH CHANGE**

I, Deva Ram Choudhary of Unit 21 NSR. resident at Vill- Ramderiya, Post- Ramderiya, Teh-Barmer, Dist-Barmer Rajasthan, Pin- 344708, that my son's Praveen Choudhary date of birth wrongly mention in his School records as 18/08/2016 instead of 18/08/2015 do hereby declare that actual date of birth is 18/08/2015 Vide affidavit Before the Notary Public at Kolkata C.M.M.s Court dated 07.01.2026.

## बेलडांगा के खुले मैदान में होगी हुमायूं कबीर की सभा

### 31 जनवरी को गठबंधन का दरवाज़ा करेंगे बंद

**कोलकाता :** ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सभा की अनुमति न मिलने के बाद जनता विकास पार्टी के प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को खुली चुनौती देने वाले हुमायूं कबीर ने अपनी अगली राजनीतिक रणनीति स्पष्ट कर दी है। हुमायूं कबीर ने ऐलान किया है कि आगामी 31 जनवरी को वह मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में विशाल जनसभा करेंगे। हुमायूं कबीर का दावा है कि बेलडांगा की इस सभा में लगभग 10 लाख लोग जुटेंगे। उन्होंने कहा कि इसी दिन वह सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की मृत्यु घंटी बजाएंगे। ब्रिगेड में सभा की अनुमति सेना द्वारा रद्द किए जाने के पीछे उन्होंने भाजपा और तृणमूल कांग्रेस की साजिश होने का आरोप लगाया। सेना की ओर से ब्रिगेड के स्थान पर शहीद मीनार में सभा करने का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन हुमायूं कबीर ने उसे ठुकरा दिया। उनका कहना है कि शहीद मीनार का मैदान उनकी अपेक्षित भीड़ के लिए उपयुक्त नहीं है। इसके बजाय उन्होंने अपने 'होम टर्फ' बेलडांगा को सभा स्थल के रूप में चुना है। हुमायूं कबीर ने कहा, जिस मैदान में जनता विकास पार्टी का जन्म हुआ था, उसी मैदान में शनिवार दोपहर एक बजे मैं यह सभा करूंगा। वहीं से तृणमूल और भाजपा दोनों की राजनीति की मृत्यु घंटी बजाई जाएगी। उन्होंने एक और अहम घोषणा करते हुए कहा कि 31 जनवरी के बाद उनकी पार्टी के लिए किसी भी तरह के गठबंधन का दरवाज़ा पूरी तरह बंद हो जाएगा। इसके बाद जनता विकास पार्टी अकेले ही 182 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी।

**अमृत भारत एक्सप्रेस**

**नागरकोविल एवं न्यू जलपाईगुड़ी तथा तिरुचिरापल्ली एवं न्यू जलपाईगुड़ी के बीच**

**नियमित यात्रा**

**नागरकोविल एवं न्यू जलपाईगुड़ी तथा तिरुचिरापल्ली एवं न्यू जलपाईगुड़ी** के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का शुभारम्भ किया गया है। नागरकोविल से 20604 नागरकोविल-न्यू जलपाईगुड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवा दिनांक 25.01.2026 (यात्रा आरम्भ होने की तारीख) से शुरू होगी, न्यू जलपाईगुड़ी से 20603 न्यू जलपाईगुड़ी-नागरकोविल अमृत भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवा दिनांक 28.01.2026 (यात्रा आरम्भ होने की तारीख) से शुरू होगी, तिरुचिरापल्ली से 20610 तिरुचिरापल्ली-न्यू जलपाईगुड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवा दिनांक 28.01.2026 (यात्रा आरम्भ होने की तारीख) से शुरू होगी तथा न्यू जलपाईगुड़ी से 20609 न्यू जलपाईगुड़ी-तिरुचिरापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवा 30.01.2026 (यात्रा आरम्भ होने की तारीख) से शुरू होगी। संबंधित ट्रेनें नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सूची, ठहराव, यात्रा के दिन तथा गठन के अनुसार यात्रा करेंगी:-

**20604/20603 नागरकोविल-न्यू जलपाईगुड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)**

| नागरकोविल-न्यूजलपाईगुड़ी | | | 20604 20603 | न्यूजलपाईगुड़ी-नागरकोविल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| रविवार | - | 23.00 | ↓नागरकोविल जं. | 23.00 | - | शुक्रवार |
| सोमवार | 12.30 | 12.35 | कटपडी जं. | 08.20 | 08.25 | |
| मंगलवार | 11.05 | 11.10 | भुवनेश्वर | 10.15 | 10.20 | गुरुवार |
| | 18.42 | 18.47 | डानकुनी | 02.35 | 02.40 | |
| | 20.28 | 20.30 | बोलपुर (शांतिनिकेतन) | 23.53 | 23.55 | बुधवार |
| | 21.22 | 21.27 | रामपुरहाट | 23.00 | 23.05 | |
| बुधवार | 00.15 | 00.25 | मालदा टाउन | 21.00 | 21.10 | |
| | 05.00 | - | न्यू जलपाईगुड़ी↑ | - | 16.45 | |

ऊपर उल्लेखित ट्रेनें यात्रा के दौरान मार्ग में दोनों दिशाओं में तिरुनेलवेली, कोविलपट्टी, सात्तूर, विरुदुनगर जंक्शन, मदुरै जंक्शन, दिंडुक्कल जंक्शन, पलनी, उडुमल्लैप्पेट्टै, पोल्लाची, कोयंबत्तूर जंक्शन, तिरुप्पुर, ईरोड, सेलम, जोलारपेट्टै जंक्शन, रेनीगुंटा जंक्शन, गुडुर, ओंगोल, विजयवाड़ा, राजमंड्री, दुव्वाडा, विशाखापट्टणम, विजयनगरम, श्रीकाकुलम रोड, पलासा, सोम्पेटा, इच्छापुरम, ब्रह्मपुर, बालुगाँव, खोरधा रोड, कटक, जाजपुर केन्दुझर रोड, भद्रक, बालेश्वर, खड़गपुर, आंदुल, बारसोई जंक्शन एवं किशनगंज स्टेशनों में भी ठहरेगी। **यात्रा के दिन : नागरकोविल से 20604** दिनांक 25.01.2026 से प्रत्येक रविवार तथा **न्यू जलपाईगुड़ी से 20603** दिनांक 28.01.2026 से प्रत्येक बुधवार। **गठन:** शयनयान श्रेणी-8, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलडब्ल्यूएस)-11, एलएसएलआरडीपीपी-2, पावर कार-1 = 22 कोच। **श्रेणी:** अमृत भारत एक्सप्रेस।

**20610/20609 तिरुचिरापल्ली-न्यू जलपाईगुड़ी-तिरुचिरापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)**

| तिरुचिरापल्ली-न्यू जलपाईगुड़ी | | | 20610 20609 | न्यू जलपाईगुड़ी-तिरुचिरापल्ली | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| बुधवार | - | 05.45 | ↓तिरुचिरापल्ली जं. | 16.15 | - | रविवार |
| गुरुवार | 11.43 | 11.45 | कटक | 09.40 | 09.45 | शनिवार |
| | 18.42 | 18.47 | डानकुनी | 02.35 | 02.40 | |
| | 20.28 | 20.30 | बोलपुर (शांतिनिकेतन) | 23.53 | 23.55 | शुक्रवार |
| | 21.22 | 21.27 | रामपुरहाट | 23.00 | 23.05 | |
| शुक्रवार | 00.15 | 00.25 | मालदा टाउन | 21.00 | 21.10 | |
| | 05.00 | - | न्यू जलपाईगुड़ी↑ | - | 16.45 | |

ऊपर उल्लेखित ट्रेनें यात्रा के दौरान मार्ग में दोनों दिशाओं में तंजावुर जंक्शन, कुंभकोणम, मयिलाडुतुरै जंक्शन, चिदम्बरम, तिरुप्पादिरिपुलियुर, विल्लुपुरम जंक्शन, चेंगलपट्टू जंक्शन, ताम्बरम, चेन्नई एगमोर, सुलुरुपेटा, नायडुपेटा, गुडुर, ओंगोल, विजयवाड़ा, राजमंड्री, दुव्वाडा, विशाखापट्टणम, विजयनगरम, श्रीकाकुलम रोड, पलासा, सोम्पेटा, इच्छापुरम, ब्रह्मपुर, बालुगाँव, खोरधा रोड, भुवनेश्वर, जाजपुर केन्दुझर रोड, भद्रक, बालेश्वर, खड़गपुर, आंदुल, बारसोई जंक्शन एवं किशनगंज स्टेशनों में भी ठहरेगी। **यात्रा के दिन: तिरुचिरापल्ली से 20610** दिनांक 28.01.2026 से प्रत्येक बुधवार तथा **न्यू जलपाईगुड़ी से 20609** दिनांक 30.01.2026 से प्रत्येक शुक्रवार। **गठन:** शयनयान श्रेणी-8, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलडब्ल्यूएस)-11, एलएसएलआरडीपीपी-2, पावर कार-1 = 22 कोच। **श्रेणी:** अमृत भारत एक्सप्रेस।

**टिप्पणी: 13154 मालदा टाउन-सियालदह गौड़ एक्सप्रेस मालदा टाउन से दिनांक 28.01.2026 से 21.15 बजे के स्थान पर 21.20 बजे रवाना होगी।**

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## एसआईआर सुनवाई को लेकर विवाद, बीएलओ पर नशे में धुत युवक के हमले का आरोप

**कोलकाता :** एसआईआर सुनवाई में बुलाए जाने को लेकर उत्पन्न असंतोष के बीच बारुईपुर से एक गंभीर घटना सामने आई है। एसआईआर से जुड़े कार्य के दौरान एक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) पर नशे में धुत युवक द्वारा बेरहमी से मारपीट किए जाने का आरोप लगा है। इस हमले में बीएलओ अनुपमा पाल गंभीर रूप से घायल हो गईं और मानसिक रूप से भी टूट गई हैं। जानकारी के अनुसार, दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकरपुर 2 नंबर पंचायत के दुर्गा इलाके में अनुपमा पाल एसआईआर से संबंधित कार्य कर रही थीं। उसी दौरान आरोपी युवक अमीन नस्कर ने पीछे से आकर उनके बाल पकड़कर उन पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में अनुपमा पाल जमीन पर गिर पड़ीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही बारुईपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बीएलओ को तत्काल बारुईपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में अनुपमा पाल की ओर से लिखित शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी अमीन नस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि एसआईआर को लेकर आम लोगों के बीच भारी असंतोष है। छोटी–छोटी बातों पर भी सुनवाई के लिए बुलाए जाने और अत्यधिक कार्यभार को लेकर बीएलओ पहले से ही नाराजगी जता रहे हैं। इसी तनावपूर्ण माहौल के बीच यह घटना सामने आई है। हमले के बाद अनुपमा पाल गहरे मानसिक आघात में हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात में उनके लिए काम करना संभव नहीं है और वह बीएलओ की जिम्मेदारी से मुक्त होने के लिए आवेदन करने पर विचार कर रही हैं। घटना के बाद से वह भय के माहौल में हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी से पूछताछ जारी है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने सिंगूर रैली में 'झूठ फैलाया' : तृणमूल कांग्रेस

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिंगूर में आयोजित जनसभा में 'झूठ फैलाया'। तृणमूल ने दावा किया कि बड़े पैमाने पर घुसपैठ के प्रधानमंत्री के दावों के विपरीत, अधिकारियों को अभी तक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बड़ी संख्या में बांग्लादेशियों की मौजूदगी का पता नहीं चला है। तृणमूल के प्रदेश अध्यक्ष जय प्रकाश मजूमदार ने बताया कि मोदी ने बड़ी संख्या में घुसपैठियों की मौजूदगी की बात तो की, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है या पश्चिम बंगाल सरकार की। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों से, मोदीजी घुसपैठियों, बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के बारे में झूठ का एक ही सिलसिला दो–हराते आ रहे हैं, लेकिन यह नहीं बता रहें कि वे ऐसे निष्कर्षों पर कैसे पहुंचे। मजूमदार ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने खुद कहा था कि एसआईआर की प्रक्रिया में 58 लाख ऐसे मतदाताओं की पहचान की गई थी, जिनका पता नहीं लगाया जा सका।

तृणमूल नेता ने दावा किया कि यह एक ऐसा आंकड़ा है, जो मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह या अन्य भाजपा नेताओं की ओर से लगाए गए आरोपों का समर्थन नहीं करता है। मजूमदार ने कहा कि लगभग 58 लाख नामों को हटाए जाने को घुसपैठ की आशंका से नहीं जोड़ा जा सकता। कोई भी रोहिंग्या नहीं मिला। यह विसंगति मतदाताओं की मौत, पलायन और प्रविष्टियों में दो–हराव जैसे कारणों का नतीजा है। उन्होंने कहा कि इसलिए घुसपैठ के उनके आरोप निराधार साबित होते हैं। राज्य में कानून–व्यवस्था और महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर मोदी की टिप्पणियों को लेकर तृणमूल नेता ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान जैसे राज्यों में स्थिति 'कहीं अधिक गंभीर' है। मजूमदार ने प्रधानमंत्री के अन्य मुद्दों को संबोधित करने के तरीके पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कश्मीर और दिल्ली में हुई आतंकी घटनाओं का जिक्र किया। साथ ही, पूछा कि जब मणिपुर में आग लगी थी, तब मोदी क्या कर रहे थे?

## विवेक ज्ञान से अलग है, कानून के शब्दों और मकसद को समझना जरूरी : सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत



**कोलकाता, समाज्ञा :** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि विवेक (समझदारी) ज्ञान से अलग होता है और इसका मतलब यह जानना है कि कानून के शब्दों पर कब जोर देना है तथा कब उसके मकसद को समझना है। रविवार को सीजेआई कोलकाता स्थित पश्चिम बंगाल राष्ट्रीय न्यायिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनयूजेएस) के दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। सीजेआई इसके चांसलर हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञान किताबों, शायद क्लासरूम और ट्रेनिंग से जल्दी हासिल किया जा सकता है, लेकिन उसके बाद जो होता है, वह अनुभव, गलतियों और लगातार सोचने–समझने से बहुत धीरे–धीरे और अक्सर अधूरे तरीके से आकार लेता है। विवेक यह जानना है कि कब बोलना है और कब खामोशी ज्यादा असरदार होती है। दीक्षांत समारोह में उन्होंने कहा कि यह जानना जरूरी है कि कानून के नियमों पर कब जोर देना है और कब उसके मकसद को समझना है। समारोह में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस दीपांकर दत्ता और जॉयमाल्या बागची व कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल भी शामिल हुए। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हम ऐसे जमाने में रह रहे हैं जहां तुरंत राय बन जाती है और बिना इंतजार किए जवाब की उम्मीद की जाती है। ऐसी दुनिया में समझदारी दुर्लभ हो गई है और इसलिए यह बहुत कीमती है। उन्होंने कहा कि जहां दक्षता निष्प–क्षता के साथ मुकाबला करती है, जहां नंबरों में मापी गई प्रोफेशनल सफलता अजीब तरह से खोखली लगती है, ऐसे पलों में, सिर्फ नियम आपका मार्गदर्शन नहीं करेंगे, बल्कि आपकी समझदारी करेगी। उन्होंने कहा कि कानूनी पेशा सिर्फ दिमागी तौर पर ही मुश्किल नहीं है, बल्कि यह भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक रूप से भी थकाने वाला है। अपने दशकों के अनुभव के बारे में सीजेआई ने कहा कि सही समय पर आराम करने और धीमे होने की क्षमता प्रोफेशनल जिम्मेदारी से पीछे हटना नहीं है, बल्कि यह उसे बनाए रखने का एक तरीका है।

## महेशतला में फ्लैट से दंपति का शव बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के महेशतला में रविवार को एक फ्लैट से एक आदमी और उसकी पत्नी की लाशें बरामद की गईं। पुलिस के मुताबिक, यह घटना महेशतला नगरपालिका के वार्ड 15 में हुई। पुलिस मौके पर पहुंची और फ्लैट का दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई और तन्मय दे (52) और उनकी पत्नी, रूमा रक्षित (47) की लाशें बरामद की गईं। जब तक उन्हें अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह दंपति एक बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर किराए के फ्लैट में रहता था। इस दिन, सुबह में परिवार के अन्य सदस्यों ने फोन पर उनसे संपर्क करने की कोशिश की। हालांकि, लंबे समय तक उनसे संपर्क न होने पर उन्हें शक हुआ। वे तुरंत फ्लैट पर पहुंचे, तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद था। बार–बार फोन करने और दरवाजा खटखटाने के बाद भी दंपति की तरफ से कोई जवाब नहीं मिला। कुछ गड़बड़ होने का अंदाजा लगाकर, उन्होंने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने दरवाजा तोड़ा और पति–पत्नी को बेडरूम में बिस्तर पर बेहोश पाया। पुलिस ने बताया कि उनके आसपास नींद की गोलियों के कई खाली डिब्बे बिखरे पड़े थे। दोनों को तुरंत दक्षिण कोलकाता के बेहाला इलाके में विद्यासागर अस्पताल ले जाया गया। जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच के आधार पर, पुलिस को शक है कि दंपति ने आत्महत्या की है। वे परिवार के अन्य सदस्यों से बात कर रहे हैं ताकि यह पता चल सके कि उन्होंने यह कदम क्यों उठाया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, यह दंपति कुछ समय से गंभीर आर्थिक परेशानियों से जूझ रहा था। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या उन्होंने कर्ज या आर्थिक चिंताओं के कारण यह कदम उठाया। हालांकि, वे इस बात की भी जांच कर रहे हैं कि घटना के पीछे कोई और कारण तो नहीं था।

## मौनी अमावस्या पर अम्हर्स्ट स्ट्रीट के काली मंदिर में पूजा देने के लेकर फैला तनाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर कोलकाता के एक लोकप्रिय काली मंदिर में रविवार की शाम माघ महीने की मौनी अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने के बीच पुलिस ने भगदड़ जैसी स्थिति को टाल दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अम्हर्स्ट स्ट्रीट इलाके में मां श्यामसुंदरी काली मंदिर के द्वार तब अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए, जब दर्शन और पूजा के लिए गर्भगृह में प्रवेश करने के इच्छुक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सीमित क्षेत्र में पहुंच गई। अधिकारी ने कहा कि हमने कर्मियों को तैनात कर दिया है और फिलहाल श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी है। भीड़ के कुछ हिस्सों को चरणबद्ध तरीके से अंदर जाने की अनुमति देने से पहले हम स्थिति का आकलन करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह से ही श्रद्धालु कतार में लगे हुए थे, लेकिन दोपहर में भीड़ बढ़ने और मंदिर के दरवाजे खुलते ही अफरा–तफरी मच गई, जिसके चलते मंदिर अधिकारियों को अम्हर्स्ट स्ट्रीट थाने को सूचित करना पड़ा और कर्मियों की तैनाती की मांग करनी पड़ी। मंदिर समिति के प्रवक्ता ने कहा कि भगदड़ जैसी स्थिति को रोकने के लिए हमारे पास कोई और विकल्प नहीं था। मंदिर के अंदर कुछ श्रद्धालुओं के मौजूद होने के कारण हमें अचानक दरवाजे बंद करने पड़े। पुलिस अधिकारी ने श्रद्धालुओं के एक वर्ग के इस दावे को खारिज कर दिया कि उन्हें दूर रखने के लिए बल प्रयोग किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मंदिर के पास वाली सड़क पर यातायात को विनियमित किया गया है।

## मथुरापुर का बीएलओ अस्पताल में भर्ती, तृणमूल कांग्रेस ने 'लगातार काम के बोझ को' बताया वजह

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण 24 परगना जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रकिया में शामिल एक बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) को मस्तिष्काघात के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार को एक अधिकारी ने बताया कि जिले के रायदीघी क्षेत्र के मथुरापुर प्रखंड के बीएलओ महबूब रहमान मुल्ला ने शनिवार की रात स्वास्थ्य खराब होने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि बीएलओ को पहले डायमंड हार्बर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें शहर के एक अन्य अस्पताल में रेफर कर दिया गया। परिवार के सदस्यों ने दावा किया कि मुल्ला चार नवंबर से मथुरापुर प्रखंड–2 के बूथ संख्या 110 पर एसआईआर कवायद में व्यस्त थे, और एसआईआर के दबाव तथा स्कूल के काम से निपटने के लिए 20 घंटे से अधिक समय से काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बूथ पर कई मतदाताओं को सुनवाई का नोटिस मिलने के बाद वह और अधिक तनाव में आ गए थे।

तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि मुल्ला लगातार काम के दबाव के कारण बीमार पड़ गए और इसकी वजह निर्वाचन आयोग तथा केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की ओर से दिया गया 'असहनीय दबाव' है। इस दिन, तृणमूल कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा और उसके आज्ञाकारी निर्वाचन आयोग की संवेदनहीन एवं रक्तरंजित एसआईआर ने सारी हदें पार कर दी हैं। पार्टी ने कहा कि दक्षिण 24 परगना के रायदीघी में बीएलओ का काम कर रहे 52 वर्षीय स्कूल शिक्षक महबूब रहमान मुल्ला ने बच्चों को शिक्षित करने में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया लेकिन असहनीय एसआईआर दबाव के कारण बेहोश हो गए और उन्हें मष्तिकाघात हुआ है। आज वह अस्पताल में जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि उनके परिवार का साफ कहना है कि लगातार निशाने पर रहने, डर के माहौल और इस निर्दयी एसआईआर के निरंतर दबाव ने उन्हें तोड़ दिया। इस पागलपन को रोकने के लिए भाजपा के समक्ष और कितनी लाशों के ढेर लगाने होंगे? भाजपा के हाथ खून से सने हैं, और बंगाल हर एक बूंद को याद रखेगा।

www.samagya.in
विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# 'पार्टी के कारण एसआईआर के नाम पर किया जा रहा है परेशान'

**कोलकाता :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर तृणमूल कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। अभिनेता-सांसद देव, राज्यसभा सांसद समीरुल इस्लाम और मंत्री जाकिर हुसैन के बाद अब मथुरापुर के सांसद बापी हलदार और सागरदिघी के विधायक बायरन विश्वास को भी एसआईआर सुनवाई का नोटिस भेजा गया है। दोनों को आगामी सप्ताह अपने-अपने बूथ पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।



मथुरापुर के तृणमूल सांसद बापी हलदार ने नोटिस को राजनीतिक साजिश बताते हुए आरोप लगाया कि अल्पसंख्यक और अनुसूचित समुदायों को परेशान करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। सांसद ने बताया कि वह रायदीघी विधानसभा क्षेत्र के सौदियाल एफपी स्कूल के बूथ संख्या 134 के मतदाता हैं। उन्हें 28 जनवरी को दोपहर 12 बजे से ढाई बजे के बीच कृष्णचंद्रपुर हाई स्कूल में सुनवाई के लिए बुलाया गया है। नोटिस में उनके और उनके पिता के उपनाम में कथित असंगति का हवाला दिया गया है।

सांसद का आरोप है कि संसद के बजट सत्र के पहले ही दिन जानबूझकर उन्हें सुनवाई में बुलाकर परेशान करने की योजना बनाई गई है। उन्होंने सुनवाई की तारीख बदलने की मांग की और कहा कि चुनाव आयोग और भाजपा मिलकर एसआईआर के नाम पर अल्पसंख्यक तथा अनुसूचित जाति-जनजाति के मतदाताओं को निशाना बना रहे हैं।

उधर, मुर्शिदाबाद जिले के सागरदिघी से तृणमूल विधायक बायरन विश्वास को भी एसआईआर सुनवाई का नोटिस मिला है। शनिवार शाम सामसेरगंज के धुलियान नगरपालिका क्षेत्र के संबंधित बूथ के बीएलओ ने उनके घर जाकर नोटिस सौंपा। विधायक को 24 जनवरी को दोपहर ढाई बजे सुनवाई में उपस्थित होने को कहा गया है।

बायरन विश्वास ने पूरे मामले को भाजपा की साजिश करार देते हुए कहा कि एसआईआर शुरू होने से पहले ही भाजपा ने दावा किया था कि डेढ़ करोड़ लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे। उनके अनुसार, उसी दावे को सही ठहराने के लिए चुनाव आयोग अब अलग-अलग तरीकों से वैध मतदाताओं के नाम हटाने की कोशिश कर रहा है। विधायक ने कहा, अगर एक विधायक के साथ ऐसा व्यवहार हो रहा है, तो आम लोगों की स्थिति का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

तृणमूल नेताओं ने स्पष्ट किया है कि वे इस 'अनैतिक' एसआईआर प्रक्रिया को स्वीकार नहीं करेंगे और इसके खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे।

# नंदीग्राम सहकारी चुनाव में तृणमूल की बड़ी जीत, भाजपा खाता भी नहीं खोल सकी

**मेदिनीपुर :** विधानसभा चुनाव में अभी करीब सौ दिन शेष हैं, लेकिन उससे पहले नंदीग्राम में हुए एक सहकारी चुनाव ने सियासी माहौल गरमा दिया है। नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के विधानसभा क्षेत्र नंदीग्राम में तृणमूल कांग्रेस ने सहकारी चुनाव में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए भाजपा को पूरी तरह मात दी है। नंदीग्राम-दो ब्लॉक के आमदाबाद सहकारी समिति के निदेशक पद के चुनाव में तृणमूल समर्थित उम्मीदवारों ने सभी सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि भाजपा एक भी सीट हासिल नहीं कर सकी। रविवार को आमदाबाद सहकारी समिति की कुल 12 सीटों पर मतदान हुआ। सुबह से ही कड़ी सुरक्षा और तनावपूर्ण माहौल के बीच आमदाबाद कॉलेज में सुबह 10 बजे मतदान शुरू हुआ। इस सहकारी समिति में कुल 900 मतदाता हैं। चुनाव में तृणमूल कांग्रेस, भाजपा



और माकपा-तीनों दलों ने सभी 12 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। मतगणना के बाद परिणाम सामने आने पर स्पष्ट हो गया कि सभी 12 सीटों पर तृणमूल समर्थित उम्मीदवार विजयी हुए हैं। जीत के बाद तृणमूल कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने एक-दूसरे को हरे रंग का अबीर लगाकर जश्न मनाया। तृणमूल नेताओं का दावा है कि यह परिणाम आने वाले विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम में पार्टी की मजबूत स्थिति का संकेत है। राजनीतिक विश्लेषकों का भी मानना है कि विधानसभा चुनाव से पहले नंदीग्राम जैसे अहम क्षेत्र में सहकारी चुनाव में तृणमूल की यह जीत राजनीतिक रूप से काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## पुरुलिया में नाबालिग छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में सात गिरफ्तार

**पुरुलिया :** पुरुलिया सदर थाना की पुलिस ने एक नाबालिग छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक को छोड़कर बाकी सभी पुरुलिया शहर के केतिका इलाके के निवासी हैं। रविवार को गिरफ्तार किए गए लोगों में से छह को पुरुलिया जिला अदालत में पेश किया गया। एक आरोपित शारीरिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण उसे अदालत में पेश नहीं किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, गत शुक्रवार की रात पीड़िता के पिता ने अपनी बेटी के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी बेटी शाम को एक दोस्त के साथ घूमने निकली थी और घर वापस नहीं लौटी। अपहरण की शिकायत मिलने के बाद पुरुलिया सदर थाना की पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। मात्र दो घंटे के भीतर पुलिस ने पुरुलिया शहर के एक सुनसान इलाके से नाबालिग को बरामद कर लिया। उसका इलाज कराया गया। पूछताछ के दौरान नाबालिग छात्रा ने पुलिस को बताया कि उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया है। बाद में, मजिस्ट्रेट के सामने भी पीड़िता ने अपने बयान में यही दावा दोहराया। इसके बाद, पुलिस ने अपहरण के साथ-साथ सामूहिक दुष्कर्म और पॉक्सो की धाराएं जोड़ दीं। शनिवार को कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुरुलिया जिले के पुलिस अधीक्षक वैभव तिवारी ने कहा कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और कम समय में ही पीड़िता को बचाने में सफल रही। बाद में, पीड़िता के बयान के आधार पर अपहरण के साथ-साथ सामूहिक दुष्कर्म और पॉक्सो की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। इस घटना में और कोई शामिल था या नहीं, इसकी जांच की जा रही है।

## अवैध संबंध तोड़ने की कोशिश बनी मौत की वजह, भतीजे ने की चाची की हत्या

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के केशपुर थाना क्षेत्र से एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। अवैध संबंध के विवाद में एक युवक ने अपनी ही चाची की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित युवक मौके से फरार हो गया। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शनिवार की सुबह करीब 10 बजे केशपुर ब्लॉक के कलाग्राम ग्राम पंचायत अंतर्गत बसनचक इलाके में यह घटना घटी। मृतका की पहचान पूजा बाग (25) के रूप में हुई है। आरोप है कि युवक विदेश बाग (22), जो रिश्ते में पूजा का भसुरपुत्र (भतीजा) लगता है, ने खेत में काम कर रही पूजा पर अचानक हमला कर दिया। स्थानीय लोगों और



पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पिछले लगभग एक वर्ष से पूजा और विदेश के बीच अवैध संबंध थे। मामला उजागर होने के बाद दोनों परिवारों की ओर से कई बार समझौते की कोशिश भी की गई थी। हाल के दिनों में पूजा इस रिश्ते से बाहर निकलना चाहती थी, जिससे विदेश नाराज चल रहा था। पुलिस का प्राथमिक अनुमान है कि इसी आक्रोश में आकर विदेश ने पूजा पर जानलेवा हमला किया। हमले के बाद रक्तरंजित हालत में पूजा जमीन पर गिर पड़ी। उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे गंभीर अवस्था में केशपुर ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। देर शाम प्राथमिक उपचार से जब हालत में सुधार नहीं दिखा तो वहां से मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता की शिकायत के आधार पर केशपुर थाना पुलिस ने आरोपित विदेश बाग के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार को मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज के शवगृह में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। घटना के बाद से आरोपित फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## कलकत्ता श्री कालिका देवी सेवा समिति का गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर सफलतापूर्वक संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता श्री कालिका देवी सेवा समिति का 9 जनवरी से 17 जनवरी तक आयोजित श्री गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर अत्यंत सफल, सुव्यवस्थित एवं अनुकरणीय रूप में सम्पन्न हुआ। संस्था ने कहा कि यह सफलता किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि समिति के प्रत्येक सदस्य की निष्ठा, एकजुटता, अनुशासन और सेवाभाव का जीवंत प्रमाण है। कड़ाके की ठंड, निरंतर श्रम, सीमित संसाधन और अपार भीड़ के बीच भी आप सभी ने जिस धैर्य, सजगता और जिम्मेदारी के साथ आवास, भोजन, अल्पाहार, चिकित्सा, सुरक्षा एवं मार्गदर्शन जैसी व्यवस्थाओं को निर्बाध रूप से संचालित किया, वह वास्तव में सेवा को संकल्प और समर्पण की ऊंचाई तक ले जाने वाला रहा। हर दायित्व को आपने अपना समझकर निभाया और समिति की परंपरा, प्रतिष्ठा व विश्वास को और अधिक सुदृढ़ किया।

## श्रीनाथपुर, मायापुर में श्री श्री गौर-निताई मंदिर का भव्य उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के मायापुर स्थित श्रीनाथपुर में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर नवनिर्मित श्री श्री गौर-निताई मंदिर का भव्य उद्घाटन किया गया। यह मंदिर गौड़ीय वैष्णव एसोसिएशन की पहल पर स्थापित किया गया है। श्रील भक्ति स्वरूप तीर्थ महाराज के मार्गदर्शन में इस अवसर को विशेष बनाने हेतु चार दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिससे संपूर्ण परिसर भक्ति और उत्सव के रंग में रंग गया। उद्घाटन समारोह में आसपास के क्षेत्रों के साथ-साथ राज्य के विभिन्न हिस्सों, देश के अन्य राज्यों तथा विदेशों से भी अनेक साधु-संत और श्रद्धालु उपस्थित हुए। प्रतिदिन विधिवत पूजा-अर्चना, नाम-संकीर्तन तथा महाप्रसाद वितरण का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने सहभागिता की।

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और आईसीएसआई के साथ एमओयू किया साइन

**कोलकाता :** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने आज देश भर में कंपनी सेक्रेटरी (सीएस) के लिए खास तौर पर बैंकिंग और क्रेडिट कार्ड सॉल्यूशन का एक खास सेट देने के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के साथ एक एमओयू साइन किया। इस एमओयू का मुख्य मकसद दो तरह का होगा, यानी आईसीएसआई के सदस्यों को पूरी बैंकिंग सर्विस देना और बैंक के अंदर कंपनी सेक्रेटरी के लिए नौकरी के मौके भी देना। एमओयू पर आईसीएसआई के प्रेसिडेंट, धनंजय शुक्ला और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सर्कल मैनेजर - ब्रांच बैंकिंग, रजत माथुर ने साइन किए।

## आर्य समाज कलकत्ता (युवा शाखा) का 39वां नि:शुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर सम्पन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** आर्य समाज कलकत्ता (युवा शाखा) अंतर्विद्यालय देशभक्ति गीत प्रतियोगिता, स्वेच्छा रक्तदान शिविर और नि:शुल्क शल्य चिकित्सा शिविर जैसे कार्यक्रमों द्वारा अपने राष्ट्रीय एवं सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के प्रति सदैव सजग एवं प्रयत्नशील रहती है। इसी दायित्व बोध के अन्तर्गत 18 जनवरी को जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की आंखों के मोतियाबिंद का सफल आपरेशन महानगर की ख्यातिलब्ध सर्जन डॉ. रजनी सर्राफ के कर कमलों द्वारा उनके चैम्बर लिटिल रसल स्ट्रीट में सम्पन्न हुआ। आर्य समाज कलकत्ता के अध्यक्ष दीपक एवं सचिव ध्रुव, युवा शाखा के अध्यक्ष ओम सेठ, शिविर सचिव कृष्ण कुमार जायसवाल, संजय अग्रहरि, अजय सेठ, सत्येंद्र, राजू, अभिषेक, संजय जायसवाल एवं सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

## श्री जैन विद्यालय, कोलकाता में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता-2026 का भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री जैन विद्यालय, कोलकाता द्वारा एनुअल स्पोर्ट्स-2026 का आयोजन डालमिया पार्क स्थित शैलेन मन्ना स्टेडियम में उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और विद्यालय परिवार की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। सुबह से ही खेल मैदान में ऊर्जा और प्रतिस्पर्धात्मक उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुशासित मार्च पास्ट के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार पांडेय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल शारीरिक विकास के साथ मानसिक दृढ़ता, अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने पढ़ाई और खेलों के बीच संतुलन बनाए रखने पर जोर



दिया।

विद्यालय अध्यक्ष विनोद कांकरिया, सचिव मनोज बोथरा तथा विशिष्ट अतिथि विनय दोषी की उपस्थिति ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता में 50 मीटर, 100 मीटर और 400 मीटर दौड़ के साथ रोमांचक रिले रेस आयोजित की गई। इसके अलावा, फीमेल टीचर्स की 50 मीटर और मेल टीचर्स की 100 मीटर रेस आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम का संचालन सुमिता कौशिक, तृणा घोष, सुपर्णा दास और अरविंद कुमार तिवारी ने किया। विजेताओं को सम्मानित किया गया और राष्ट्रगान के साथ प्रतियोगिता का समापन हुआ।

## सेवा, संकल्प और साधना की गाथा 'जीवन चेतना' का लोकार्पण



**कोलकाता, समाज्ञा :** स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व सांसद, शिक्षाविद्, उद्योगपति और समाजसेवी श्रद्धेय प्रभु दयाल हिम्मत सिंह का के प्रेरक जीवन और बहुआयामी कृतित्व पर आधारित ग्रंथ 'जीवन चेतना: प्रभु मूरत देखी तिन तैसी' का लोकार्पण कोलकाता स्थित नेशनल लाइब्रेरी में गरिमामय और भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन केवल पुस्तक विमोचन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि राष्ट्रसेवा, नैतिक नेतृत्व, सामाजिक उत्तरदायित्व और आध्यात्मिक चेतना से समृद्ध जीवन-दर्शन का अनुभव कराने वाला अवसर बना। ग्रंथ का विमोचन समाजसेवी एवं श्री सीमेंट लिमिटेड के चेयरपर्सन इमेरिटस वेणुगोपाल बांगड़ ने अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ किया। कार्यक्रम में उद्योग और समाजसेवा जगत की प्रमुख हस्तियां दिलीप कुमार चौधरी, नंदलाल रूंगटा, रेणु केजरीवाल, रामगोपाल अग्रवाल, दीपक हिम्मत सिंहका, राकेश हिम्मत सिंहका, भागवत् मर्मज्ञ बालव्यास पंडित श्रीकांत शर्मा और विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के कुलाधिपति रामजन्म मिश्र विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संकल्प सृष्टि शिक्षा निकेतन के आदिवासी विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत संस्कृत मंत्रोच्चारण से हुआ। इसके बाद, श्रद्धेय प्रभु दयाल जी के जीवन पर आधारित वीडियो प्रदर्शित किया गया, जिसमें उनके स्वतंत्रता संग्राम, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, योग और साधना से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को दिखाया गया।

स्वागत भाषण में रतन शाह ने प्रभु दयाल जी के व्यक्तित्व को नैतिक मूल्यों और सेवा-भाव का उदाहरण बताते हुए कहा कि उनका जीवन वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शन है। अध्यक्षीय भाषण में वेणुगोपाल बांगड़ ने जीवन मूल्य और सामाजिक उत्तरदायित्व के दृष्टांत प्रस्तुत किए। कुलाधिपति रामजन्म मिश्र ने इसे हिंदी साहित्य और जीवन-दर्शन में महत्वपूर्ण योगदान बताया। भागवत् मर्मज्ञ बालव्यास पंडित श्रीकांत शर्मा ने आध्यात्मिक दृष्टि से उनके जीवन को कर्म, भक्ति और ज्ञान का सुंदर समन्वय बताया।

ग्रंथ के मुख्य संपादक डॉ. अविनाश कुमार गुप्ता ने इसे भावी पीढ़ी तक सेवा, संकल्प और नैतिकता के संदेश पहुंचाने का माध्यम बताया। लेखक एवं संपादक बिपिन बिहारी राय ने कहा कि यह केवल तथ्यों का संकलन नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन का जीवंत प्रयास है। वीडियो संदेश के माध्यम से न्यायमूर्ति चित्ततोष मुखर्जी ने प्रभु दयाल के जीवन को संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक न्याय का प्रतीक बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अविनाश कुमार गुप्ता और लिली साह ने किया, जबकि सत्यनारायण तिवारी के गायन ने वातावरण को भक्तिरस से भर दिया। समूचा आयोजन सेवा, संकल्प, अनुशासन और राष्ट्रचेतना के आदर्शों को स्मरण करते हुए प्रेरक और स्मरणीय ढंग से संपन्न हुआ।

## भवानीपुर मेधाणी परिवार के निवास पर महंत श्री हेमंतदास जी महाराज पधारे



**कोलकाता, समाज्ञा :** भवानीपुर मेधाणी परिवार के निवास पर रविवार सुबह एक आध्यात्मिक और उल्लासपूर्ण वातावरण देखने को मिला, जब अयोध्या हनुमानगढ़ी के श्री ज्ञानदास जी महाराज के शिष्य श्री हेमंतदास जी महाराज पधारे। रविवार सुबह करीब 9.30 बजे वे गंगासागर स्थित कपिलमुनी देव मंदिर से भवानीपुर में चंद्रेश (रोमी) मेधाणी के निवास पर मेधाणी परिवार के विशेष आमंत्रण पर आशीर्वाद देने पहुंचे। श्री हेमंतदास जी महाराज के आगमन पर मेधाणी परिवार की ओर से मेहूल मेधाणी एवं रिद्धि जिगर मालाणी सहित सभी परिजनों ने उनका सादर स्वागत किया। महंत जी के आगमन से परिवार में खुशी और श्रद्धा का वातावरण बन गया। इस अवसर पर आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए गंगासागर- कलकत्ता वस्त्र व्यवसायिक सेवा ट्रस्ट, ओम भवन के अध्यक्ष हर्षदभाई मेहता, कोलकाता जैन श्वेतांबर स्थानकवासी (गुजराती) संघ के ट्रस्टी दिलेश पटेल सहित चंद्रेश (रोमी) मेधाणी, ममता मेधाणी, मेहूल मेधाणी, रिद्धि मालाणी और हर्ष जिगर मालाणी भी उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा मरना सिखाती हैं तो श्रीराम कथा जीना : संत मुरलीधर महाराज

**हावड़ा :** व्यक्ति जब निर्णय नहीं ले पाता है तो उस क्षण शान्त हो जाओ और मानस में जो भाव आए ,उसे ही हरि इच्छा समझकर निर्णय लें। जब सती राम की परीक्षा लेकर आई तो शंकर के पूछने पर झूठ बोल दी,कोई मैंने परीक्षा नहीं ली। भगवान शंकर समझ गए कि भगवान राम की माया से सती झूठ बोली। तब भगवान शंकर जी ने संकल्प ले लिया कि इस शरीर से गृहस्थ जीवन संभव नहीं।सती समझ गई कि मैं रामजी का अपमान किया। अगस्त्य मुनि के आश्रम में राम कथा न सुनी और शंकरजी से झूठ बोल गई। कथा में आकर कथा न सुनना रामजी का अपमान है। रामचरितमानस हमारा जीवन है। श्रीमद्भागवत कथा मुक्ति देती हैं, यह निर्वाण की कथा है। मरना श्रीमद्भागवत कथा सिखाती है तो श्रीराम कथा जीना सिखाती। कथा जीवन को परिवर्तित करती है क्योंकि कथा सुनने से हृदय में राम प्रेम प्रकट होता है। कथा जीवन की व्यथा मिटाती है। भगवान शंकर समझ गए कि सती व्यथित है इसलिए



व्यासपीठ पर विराजमान संत मुरलीधर महाराज से आशीर्वाद लेते आचार्य पुण्डरीक गोस्वामी

सरस कथा गाकर सुनाने लगे।शिव सभी के शुभचिन्तक हैं। ये बातें रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष में सुन्दरकाण्ड भक्त मण्डल, कोलकाता के तत्वावधान में श्रीराम कथा पर प्रवचन करते हुए परम पूज्य संत मुरलीधर महाराज ने हनुमंतधाम (फोरशोर रोड, शिवपुर) में कही। उन्होंने प्रवचन के दौरान कहा कि समाज में कितनी बिडम्बना है कि अगर गरीब आदमी 5 हजार रुपए की चोरी करता है तो हम उसे घृणा की दृष्टि से देखते हैं। ठीक इसके विपरीत आजकल के तथाकथित बड़े-बड़े लोग करोड़ों रुपए चुरा लेते हैं,इसके लिए जेल भी जाते हैं, वापस आने पर हम आदर के साथ उन्हें माला पहनाते हैं। इस अवसर पर बिशेष रूप से पधारे श्रीमद्भागवत मर्मज्ञ आचार्य पुण्डरीक गोस्वामी ने कहा कि राम कथा जीवन को परम विश्राम देती है। राम हमारे देश के प्रभात है, निर्वाण है, धर्म है और राजनीति है। राम संतों के रक्षक हैं और भक्तों के पोषक हैं। दुनिया से व्यवहार कीजिए और रामजी से प्रेम कीजिए। कार्यक्रम का संचालन हरीश तिवाड़ी ने किया। श्रीरामकथा को सफल बनाने में कथा के संरक्षक श्याम सुन्दर अग्रवाल, मुख्य यजमान गोविन्दराम-आशाराम झंवर व शंकरलाल- संदीप गुप्ता, दैनिक यजमान नंदकिशोर खंडेलवाल-अरविन्द झुनझुनवाला, संस्था के अध्यक्ष पवन कुमार ताम्बी, सचिव शिवशंकर लाहोटी, स्वागत समिति के अध्यक्ष श्याम सुन्दर तोषनीवाल, सचिव ललित कुमार सिंघी, सुरेश करवा, बाबूलाल शर्मा, वृजमोहन गटानी, गजानंद दायमा, हनुमानमल धारीवाल सहित अन्य सदस्य सक्रिय है। इस अवसर पर पार्षद मीना पुरोहित, बनवारी लाल सोती, गजानंद मुनका, रामकिशन राठी, पवन अग्रवाल, पवन टिबड़ेवाल, गोविन्द अग्रवाल, विद्याधर पारीक, दिलीप सरावगी, प्रभुदयाल पारीक, राजकुमार व्यास, राजकुमार शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# दीक्षा जगना है, जो जग गया वह निहाल हो गया : मुनि जिनेशकुमार

❑ दीक्षार्थी मंगल भावना समारोह का भव्य आयोजन

**कोलकाता :** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री जिनेशकुमार जी ठाणा-3 के सान्निध्य में दीक्षार्थी सुश्री खुशी सुराणा का मंगल भावना समारोह का भव्य आयोजन साउथ हावड़ा श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा द्वारा गंगेज गार्डन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अच्छी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे।





इस अवसर पर उपस्थित धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री जिनेश कुमार जी ने कहा- जैसे पानी को ऊपर चढ़ाने के लिए यंत्र की आवश्यकता होती है। वैसे ही जीवन को शक्तिशाली बनाने के लिए मंत्र की आवश्यकता होती है वह मंत्र है- धर्म। धर्म व्यक्ति के आचरण को प्रशस्त करता है धर्म जीवन का अभिन्न अंग है धर्म संजीवनी है धर्म का एक अंग - त्याग है। त्याग का मूर्तरूप दीक्षा है। दीक्षा अनंत की यात्रा है मुक्ति का पथ है, आत्मोत्कर्ष का रथ है। दीक्षा व्रतों का संग्रह है। दीक्षा राग से विराग वासना से उपासना, मृत्यु से अमरत्व असत से सत की यात्रा है। दीक्षा जगना है। जो जग गया वह निहाल हो गया है। जो आत्मार्थी पापभीरु, निस्पृह वह विवेक संपन्न होता है वह ही आत्म संयम के पथ पर आरुढ़ हो सकता है। मुनि ने आगे कहा. दीक्षा लेना एक बात है दीक्षा की पालना करना एक बात है। जो साधना में रम जाता है उसका कल्याण हो जाता है। भौतिकता के चकाचौंध में वैभव को ठुकराकर संयम स्वीकार करना बहुत बडी उपलब्धि है। दीक्षा कठिन मार्ग है। जैन धर्म में तेरापंथ की दीक्षा अद्भुत व विलक्षण है। अहंकार व ममकार विसर्जन कर समर्पण की साधना करने वाला व्यक्ति ही तेरापंथ व धर्मसंघ में दीक्षित हो सकता है। दीक्षार्थी खुशी सुराणा 8 फरवरी को लाडनूं में आचार्य श्री महाश्रमणजी के मुखारविंद से समणी दीक्षा ग्रहण करने जा रही है खूब खूब मंगलकामना।

मुनि कुणाल कुमार जी ने सुमधुर गीत का संगान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ तेरापंथ कन्या मंडल के मंगलाचरण से हुआ। स्वागत भाषण साउथ हावड़ा भी जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष लक्ष्मीपत जी बाफणा ने दिया। इस अवसर पर दीक्षार्थी बहिन सुश्री खुशी सुराणा ने अपने वैराग्य के जागरण में हर क्षण को निमित्त बतलाते हुए कहा - आप सभी मेरी दीक्षा के प्रति मंगल भावना व्यक्त कर रहें हैं आप सपरिवार गुरुदर्शन व शनिवार की सामायिक का संकल्प स्वीकार करने का प्रयास करें।

इस अवसर पर तृणमूल कांग्रेस के हावडा जिला के उपाध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल, गंगेज गार्डन के अध्यक्ष सुभाष सुल्तानिया तेरापंथी महासभा के पूर्व अध्यक्ष सुरेश गोयल, तेयुप साउथ हावड़ा के अध्यक्ष आदेश चोरडिया, तेरापंथ महिला मंडल साउथ हावड़ा की अध्यक्ष अंजु चोरड़िया, टी.पी.एफ. साउथ हावड़ा के अध्यक्ष राजेश जैन, अणुव्रत समिति हावड़ा की सहमंत्री लीना सिंघी, भरत सिरोहिया, राजगढ़ की ओर से संजय नाहटा ने अपने विचार व्यक्त किये। सुराणा परिवार की बहनों ने मंगलभावना गीत प्रस्तुत किया। आभार ज्ञापन सभा के मंत्री बसंत पटावरी ने किया। कार्यक्रम का संचालन मुनि परमानंद ने किया। अतिथियों का सभा द्वारा सम्मान किया गया।

# तृणमूल सांसद यूसुफ पठान ने बेलडांगा में मृत प्रवासी मजदूर के परिवार से की मुलाकात

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद से तृणमूल कांग्रेस के सांसद यूसुफ पठान रविवार को बेलडांगा के प्रवासी मजदूर के घर पहुंचे, जिसकी इस सप्ताह की शुरुआत में झारखंड में अप्राकृतिक मौत होने के कारण मुर्शिदाबाद में हिंसा फैल गई थी। पठान ने मजदूर के घर पहुंचकर परिवार को हरसंभव सहायता देने का वादा किया। परिवार से मिलने के बाद, पठान ने पत्रकारों से कहा कि मैं मुर्शिदाबाद और राज्य के अन्य हिस्सों से संबंध रखने वाले गरीब बांग्ला-भाषी प्रवासी श्रमिकों के उत्पीड़न और उनपर हो रहे हमलों की कड़ी निंदा करता हूं। वे आजीविका की तलाश में राज्य के बाहर जाते हैं। उन्होंने कहा कि



हमारी पार्टी, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और अन्य सांसद एवं विधायक इस मुद्दे को संबंधित राज्यों के प्रशासन के साथ उठा रहे हैं। हम इस मुद्दे को नियमित रूप से उठा रहे हैं। मैं पीड़ित परिवारों को अपना समर्थन देने का वचन देता हूं। उन्होंने विपक्ष के इस आरोप को दुष्प्रचार बताकर खारिज कर दिया कि उन्होंने दूसरे राज्यों में कथित रूप से मारे गए या उत्पीड़न के शिकार प्रवासी श्रमिकों के परिवारों से मुलाकात नहीं की। उन्होंने कहा कि यह लोगों को गुमराह करने का विपक्ष का एक प्रयास है। मैं हर मामले की लगातार निगरानी कर रहा हूं। हमारी पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी और राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को नियमित रूप से जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने बंगाल से बाहर काम करने वाले प्रवासी श्रमिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। उन्होंने परेशानियों का सामना कर रहे लोगों से प्रशासन से संपर्क करने का आह्वान किया।

# केंद्र ने बंगाल के लिए कोष रोका, चुनाव में जनता इसका जवाब देगी : अभिषेक

## पीएम के बयान पर तृणमूल नेता का पलटवार, कहा... 'बंगाल में सरकार नहीं, भाजपा के नेता बदलेंगे'

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर राज्य के लिए आवंटित केंद्रीय निधि रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के 'परिवर्तन' के आह्वान के विपरीत राज्य के लोग चुनाव के बाद केंद्र में पार्टी को सत्ता से बेदखल करने की प्रक्रिया का नेतृत्व करेंगे। इस दिन, नदिया जिले के चापड़ा में रोड शो के बाद, एक रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्य के लोग 'बाहरी लोगों और दिल्ली के जमींदारों के सामने आत्मसमर्पण नहीं करेंगे'। केंद्र सरकार पर धनराशि रोकने का आरोप



लगाते हुए अभिषेक ने कहा कि भाजपा चाहती है कि बंगाल के लोग 'झुककर आत्मसमर्पण कर दें'। उन्होंने कहा कि आपने बंगाल की जनता के लिए आवंटित धनराशि रोक दी और उन्हें परेशान किया, लेकिन तृणमूल कांग्रेस और बंगाल की जनता नहीं बदलेगी। उन्होंने कहा कि मोदी ने राज्य में अपने राजनीतिक संदेश में बदलाव किया है। तृणमूल कांग्रेस नेता ने कहा कि पहले प्रधानमंत्री अपनी रैलियों की शुरुआत 'जय श्री राम' से करते थे, अब वे 'जय मां काली' कहते हैं। अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने पिछले पांच वर्षों में बंगाल के लोगों को 'कष्ट दिया' है और दावा किया कि 2026 के विधानसभा चुनाव में पार्टी '50 से कम सीट' पर सिमट जाएगी। उन्होंने कहा कि परिवर्तन जरूर आएगा। वर्ष 2026 के बाद मोदी बंगाल आकर 'जय बांग्ला' के नारे लगाएंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में बंगाल की जनता राज्य में चौथी बार तृणमूल कांग्रेस को चुनकर आपको दिल्ली की सत्ता से बाहर कर देगी। चुनाव से पहले विपक्षी दलों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए, अभिषेक ने कहा कि उन्होंने चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस के आंकड़े चुराने की कोशिश की, लेकिन हमें जनता का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके (भाजपा) पास प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और मीडिया का एक वर्ग सहित सब कुछ है। उन्होंने 2021 के चुनाव से पहले मेरे पीछे केंद्रीय एजेंसियों को लगाया था, लेकिन असफल रहे। अब वे झूठ का सहारा ले रहे हैं।

❑ **'मोदी पहले जय श्रीराम कहते थे, अब जय मां काली कहने लगे हैं'**

तृणमूल नेता ने कहा कि मोदी ने बंगाल में अपने राजनीतिक संदेश में बदलाव किया है। उन्होंने कहा कि पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी रैलियों की शुरुआत 'जय श्रीराम' से करते थे, अब वे 'जय मां काली' कहने लगे हैं। अभिषेक ने आरोप लगाया कि भाजपा ने पिछले 5 वर्षों में बंगाल के लोगों को 'कष्ट दिया' है। अभिषेक ने कहा कि चुनाव के बाद बंगाल में परिवर्तन जरूर आयेगा। वर्ष 2026 के बाद मोदी बंगाल आकर 'जय बांग्ला' के नारे लगायेंगे। बंगाल की जनता चौथी बार तृणमूल कांग्रेस की सरकार बनायेगी और मोदी को दिल्ली की सत्ता से बाहर कर देगी।

## सिंगूर में कार कारखाने का निर्माण रोकने के लिए भाजपा और तृणमूल में साठगांठ हुई थी : सुजन चक्रवर्ती

**कोलकाता, समाज्ञा :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने रविवार को दावा किया कि इस सप्ताहांत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से राज्य में आयोजित जनसभाओं में दिए गए भाषणों में कुछ भी नया नहीं था। माकपा ने आरोप लगाया कि भाजपा ने सिंगूर से टाटा मोटर्स की कार फैक्टरी स्थापित करने की योजना को विफल बनाने के लिए तृणमूल कांग्रेस के साथ साठगांठ की थी। माकपा की केंद्रीय समिति के सदस्य सुजन चक्रवर्ती ने कहा कि घुसपैठ के मुद्दे के अलावा मोदी ने जो कुछ भी कहा है, उसमें कुछ भी अहम नहीं है। उन्होंने दावा किया कि तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष राजनाथ सिंह और भाजपा सिंगूर आंदोलन के दौरान



ममता बनर्जी के साथ थे। चक्रवर्ती ने केरल से दावा किया कि भाजपा ने राज्य में उद्योगों के विकास के लिए कुछ नहीं किया है। उन्होंने भाजपा पर राज्य में औद्योगीकरण के मुद्दे पर खोखले बयान देने का आरोप लगाया। माकपा नेता ने कहा कि जनता तृणमूल और भाजपा के असली चेहरे को पहचान चुकी है। उन्होंने दोनों दलों के बीच साठगांठ का आरोप लगाया।

## रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3291 का बाल स्वास्थ्य और थैलेसेमिया उन्मूलन पर केंद्रित सम्मेलन



**कोलकाता, समाज्ञा :** रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3291 की मेजबानी में वार्षिक अधिवेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3291 का वार्षिक सम्मेलन 'रामधेनु' 9 जनवरी से 11 जनवरी तक निक्को पार्क में आयोजित किया गया। अधिवेशन के दौरान बच्चों में होने वाले गंभीर रोग थैलेसेमिया पर विशेष चर्चा की गई। सम्मेलन में थैलेसेमिया-फ्री इंडिया के लक्ष्य को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ तथा इस रोग से निपटने के प्रभावी उपायों और जनजागरूकता पर जोर दिया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. रामेन्दु होमचौधुरी ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी का उद्देश्य स्वास्थ्य के क्षेत्र में समाज को जागरूक करना और भावी पीढ़ी को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित बनाना है।

# राज्य में परिवर्तन आएगा, भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था दुरुस्त होगी : शुभेंदु अधिकारी



**हुगली, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान का समर्थन किया है, जिसमें पीएम ने कहा कि बंगाल से टीएमसी का महा जंगलराज हटना और भाजपा का सुशासन आना बहुत जरूरी है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यहां कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत खराब है, और भाजपा इसे ठीक करने का काम करेगी। हुगली में भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार में भी घुसपैठिए मौजूद थे। एनडीए ने वहां इन घुसपैठियों को खत्म कर दिया है, और बंगाल में भी ऐसा ही किया जाएगा। हम लोगों ने परिवर्तन का काम किया है। असली परिवर्तन पीएम मोदी के नेतृत्व में आएगा। 2026 में परिवर्तन होना तय है। एसआईआर होने के बाद एक साफ-सुथरी वोटर लिस्ट आएगी। उन्होंने बेलडांगा हिंसा पर कहा कि इस घटना के लिए कौन जिम्मेदार है? पीएफआई एक प्रतिबंधित संगठन है, जिसे भारत सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया है। बॉर्डर से सटे जिले जैसे मालदह क्षेत्र में यह प्रतिबंधित संगठन सक्रिय है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार में कानून व्यवस्था भगवान भरोसे है। हैरानी वाली बात यह है कि इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री कहती हैं कि शुक्रवार को सब कुछ छूट है।

### कानून व्यवस्था नहीं सुधरेगी तो राज्य में निवेश नहीं होगा : सुकांत मजूमदार



वहीं, केंद्रीय राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि बंगाल में बदलाव आएगा। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था नहीं सुधरेगी तो निवेश नहीं होगा। इंडस्ट्री लाने के लिए कानून व्यवस्था को ठीक करना होगा, और यह कार्य भाजपा ही कर सकती है। उन्होंने नई अमृत भारत ट्रेनों पर कहा कि रोजगार मिलेगा जब भाजपा की सरकार यहां बनेगी। जब तक कानून व्यवस्था ठीक नहीं होगी, निवेश नहीं आएगा। उन्होंने बेलडांगा हिंसा पर कहा कि वहां जो हुआ, उससे पता चल गया कि वोट बैंक को बचाने के लिए सीएम ममता बनर्जी कुछ भी कर सकती हैं। ऐसी लाचार मुख्यमंत्री बंगाल को नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को संन्यास ले लेना चाहिए।

### बंगाल की स्थिति पूरा भारत जान गया है : शामिक भट्टाचार्य



भाजपा नेता शामिक भट्टाचार्य ने कहा कि बंगाल की स्थिति ऐसी है कि पूरा भारत जान गया है। कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। टीएमसी सांसद ने सुप्रीम कोर्ट पर भी सवाल खड़े कर दिए। संविधान का मखौल उड़ाया जा रहा है। राज्य की जनता के आशीर्वाद से टीएमसी सरकार का विसर्जन किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि ममता बनर्जी की सरकार को जनता इसलिए लाई थी कि लोकतंत्र की पूर्ण प्रतिष्ठा हो, लेकिन टीएमसी सरकार में सिर्फ अत्याचार हुआ है। विकास कुछ भी नहीं हुआ। पीएम मोदी की जनसभा में आए लोगों ने भरोसा जताया कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के बाद रोजगार और बंद हुए कारखाने फिर से चालू होंगे।



नेताजी जयंती से पहले श्यामबाजार पांच माथा मोड़ स्थित उनकी प्रतिमा पर सफाई का काम जारी

## बेहतर स्वास्थ्य के लिए इनहेल्ड इंसुलिन की शुरुआत : डॉ. आशीष मित्रा

**कोलकाता, समाज्ञा**

डायबिटीज के मरीजों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। डायबेटोलॉजिस्ट डॉ. आशीष मित्रा ने बताया कि टाइप-1 और टाइप-2 डायबिटीज से पीड़ित उन मरीजों के लिए, जो इंसुलिन थेरेपी पर हैं, अब नई इनहेल्ड इंसुलिन उपलब्ध कराई गई है। यह पारंपरिक इंजेक्शन से दी जाने वाली इंसुलिन का प्रभावी विकल्प मानी जा रही है और इसे नए साल का खास उपहार बताया जा रहा है।

डॉ. मित्रा के अनुसार, कई मरीज इंजेक्शन के दर्द के डर से समय पर इंसुलिन लेना शुरू नहीं करते, जिससे मधुमेह अनियंत्रित रह जाता है। इसके कारण आंखों, किडनी, नसों और हृदय से जुड़ी जटिलताओं का खतरा बढ़ता है। इनहेल्ड इंसुलिन, अस्थमा के इनहेलर की तरह ली जाती है, जिससे मरीजों को इंजेक्शन से राहत मिलेगी और उपचार को अपनाना आसान होगा। उन्होंने बताया कि इंसुलिन दो प्रकार की होती है-बेसल और प्रांडियल। इनहेल्ड इंसुलिन भोजन से पहले ली जाने वाली प्रांडियल इंसुलिन का विकल्प है, लेकिन यह बेसल इंसुलिन का स्थान नहीं लेती। हालांकि अस्थमा, क्रॉनिक ब्रोंकाइटिस, धूम्रपान करने वाले या फेफड़ों की बीमारी से ग्रस्त मरीजों में इसका प्रभाव सीमित हो सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि सही चिकित्सकीय सलाह से यह नई तकनीक डायबिटीज नियंत्रण में अहम भूमिका निभाएगी।

## उत्तरपाड़ा में नाबालिग से यौन उत्पीड़न का आरोप, इलाके में तनाव

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के उत्तरपाड़ा थाना क्षेत्र में एक बार फिर नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न की गंभीर शिकायत सामने आई है। आरोप है कि शनिवार दोपहर छत का बागान दिखाने के बहाने आरोपी नाबालिग को घर से बुलाकर अपने घर ले गया। वहां उसके साथ यौन उत्पीड़न किया गया और दुष्कर्म की कोशिश भी की गई। पीड़िता के पिता का आरोप है कि आरोपी ने दूसरी मंज़िल के छत बागान दिखाने के नाम पर उनकी बेटी को बुलाया था। जब आरोपी ने दुष्कर्म की कोशिश की, तो नाबालिग किसी तरह वहां से भाग निकलने में सफल हुई। घटना सामने आते ही स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोगों ने आरोपी



को पकड़कर जमकर पिटाई की। सूचना मिलने पर उत्तरपाड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई।

बताया जा रहा है कि आरोपी उत्तरपाड़ा के एक दिवंगत तृणमूल कांग्रेस के पूर्व पार्षद का बेटा है। आरोप है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होने के विरोध में स्थानीय लोगों ने थाने का घेराव किया। इस प्रदर्शन में स्थानीय भाजपा और माकपा (सीपीएम) के नेता भी मौजूद रहे और घटना की कड़ी निंदा की। भाजपा ने कहा कि आठ साल की एक बच्ची के साथ शारीरिक उत्पीड़न हुआ है, यह बेहद शर्मनाक है। हमने पुलिस को साफ कहा है कि किसी भी हालत में आरोपी बचना नहीं चाहिए। अगर प्रशासन अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाएगा तो हम सड़क पर उतरेंगे। पूर्व माकपा विधायक श्रुतिनाथ प्रहराज ने आरोप लगाया आरोपी एक पूर्व तृणमूल पार्षद का बेटा है, इसलिए मामले को दबाने की कोशिश की जा रही थी। हम थाने आए हैं ताकि इस केस को किसी भी तरह से रफा-दफा न किया जा सके। हम अंत तक लड़ाई लड़ेंगे। हालांकि आरोपी ने सफाई देते हुए कहा वह निर्दोष हैं।

# व्यापार एक्सपो के कर्टेन रेजर ने कोलकाता के कारोबारी जगत में भरी नई ऊर्जा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के प्रतिष्ठित स्थल फाइव मैड मेन में आयोजित व्यापार एक्सपो के आधिकारिक कर्टेन रेजर कार्यक्रम ने शहर के कारोबारी और उद्यमशील माहौल में नई ऊर्जा का संचार किया। यह आयोजन केवल आगामी व्यापार एक्सपो की औपचारिक घोषणा नहीं रहा, बल्कि राज्य और देश के व्यापारिक परिदृश्य के लिए एक स्पष्ट और दूरदर्शी संदेश के रूप में सामने आया। कार्यक्रम में प्रदर्शकों, प्रायोजकों, एमएसएमई लीडर्स, स्टार्टअप फाउंडर्स, कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों और उद्योग जगत के प्रमुख निर्णयकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। इस



अवसर पर वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि व्यापार एक्सपो से जुड़ना भविष्य की कारोबारी संभावनाओं से जुड़ने के समान है, जबकि इससे दूरी बनाना उभरते अवसरों से पीछे रह जाना होगा।कर्टेन रेजर पारंपरिक औपचारिकताओं से आगे बढ़ते हुए उद्देश्यपूर्ण संवाद, सार्थक नेटवर्किंग और रणनीतिक विचार-विमर्श का प्रभावी मंच साबित हुआ। कार्यक्रम के दौरान बाजार के बदलते रुझानों, उपभोक्ता व्यवहार में आ रहे बदलाव, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और नए कारोबारी अवसरों पर विशेष फोकस किया गया। संवाद पूरी तरह व्यावहारिक और अनुभव-आधारित रहा, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि वर्तमान और भविष्य के कारोबारी परिवेश में व्यापार एक्सपो की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।कर्टेन रेजर के माध्यम से यह संकेत भी मिला कि मुख्य आयोजन कहीं अधिक बड़े और प्रभावशाली स्तर पर आयोजित होने जा रहा है। आगामी व्यापार एक्सपो 30 जनवरी से 01 फरवरी 2026 तक बिस्वा बंगला प्रदर्शनी केंद्र, न्यू टाउन, कोलकाता में आयोजित किया जाएगा, जिसमें 50,000 से अधिक विजिटर्स और 200 से अधिक प्रदर्शकों की भागीदारी की उम्मीद है। आयोजकों के अनुसार, यह मंच व्यवसायों को व्यापक दृश्यता, ब्रांड विश्वसनीयता और वास्तविक विकास के अवसर प्रदान करेगा।

## सोसायटी बेनिफिट सर्किल का गंगासागर तीर्थयात्रियों की सेवा हेतु लगे निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा शिविर का समापन

**कोलकाता, समाज्ञा :** सोसायटी बेनिफिट सर्कल द्वारा गंगासागर जाने वाले श्रद्धालुओं की सेवा एवं सहायता के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आउट्राम घाट पर दो स्थानों पर निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा शिविर संचालित किए गए। प्रथम शिविर कैम्प संख्या 12, श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति के सहयोग से 9 से 15 जनवरी, तथा द्वितीय शिविर कैम्प संख्या 52, राष्ट्रीय मानव सेवा ट्रस्ट के शिविर परिसर में 10 से 16 जनवरी तक अनवरत चालू रहा। ये प्राथमिक चिकित्सा शिविर अनवरत कौशिक साहू, अंजली प्रधान, विदिशा, निशा एवं अन्य कुशल एवं अनुभवी चिकित्सा कर्मियों के सहयोग से संचालित हुवे, जिनके माध्यम से करीब 18,786 तीर्थयात्रियों को प्राथमिक उपचार, आवश्यक दवाइयां



एवं चिकित्सकीय परामर्श निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। इन शिविरों का संचालन संस्था के सभापति बिमल दीवान एवं अध्यक्ष पवन बंसल के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अत्यंत सुव्यवस्थित रूप से किया गया। प्रधान सचिव आदित्य विक्रम तुलस्यान (चीकू भाई) के साथ मनोज चौधरी, सुभाष चंद्र गोयनका, सुभाष सवालदावाला, दूर्शी चंद अग्रवाल, मनीष धानुका, महेश काबरा, मोहित सुरेका, सुमित झुनझुनवाला, महेश पंचलॉन्गिया, महेश गोयनका, प्रमोद गोयनका, प्रदीप गोयनका, सचिन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, चेतन अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, सुशील जोशी,उमा शंकर जोशी, प्रवीण जालान, अनु मिश्रा, अरुण झुनझुनवाला सहित अनेक समर्पित कार्यकर्ता सेवा भाव से अपनी जिम्मेदारियां का निर्वाह किया। संस्था के मार्गदर्शक पं. डॉक्टर राकेश पांडे ने शिविर में उपस्थिति दर्ज कर सभी का हौसला बढ़ाया। सभापति बिमल दीवान ने हर वक्त पूर्ण समर्थन एवं सहयोग देते हुए उत्कृष्ट सेवा भाव का परिचय दिया। अध्यक्ष पवन बंसल ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शिविरों में आवश्यक दवाइयों, प्राथमिक उपचार सामग्री एवं चिकित्सकीय संसाधनों की समुचित व्यवस्था की गई है। सभी जानकारी देते हुए पवन बंसल के नेतृत्व एवं सेवा कार्य में खुद को न्यौछावर करने की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उनका आभार प्रकट किया।

# केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह सांतरागाछी स्टेशन पर अमृत भारत एक्सप्रेस की पहली दौड़ का साक्षी बने

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह रविवार को सांतरागाछी रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की पहली परिचालन यात्रा का साक्षी बने। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों-सांतरागाछी-तांबरम, सियालदह-बनारस और हावड़ा-आनंद विहार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पहल देश में किफायती और सुदृढ़ लंबी दूरी की रेल कनेक्टिविटी को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान भारतीय रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष श्री सतीश कुमार भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए रवनीत सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय रेल में हो रहे तीव्र आधुनिकीकरण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रेल अवसंरचना, यात्री सुविधाओं और रोलिंग स्टॉक में किए जा रहे व्यापक सुधारों से करोड़ों यात्रियों के यात्रा अनुभव में उल्लेखनीय बदलाव आया है। उन्होंने यह भी कहा कि ये सुधार 'विकसित भारत 2047' के दीर्घकालिक दृष्टिकोण का अभिन्न हिस्सा हैं, जिसमें भारतीय रेल समावेशी विकास, आर्थिक एकीकरण और राष्ट्रीय प्रगति में अहम भूमिका निभा रही है। अमृत भारत एक्सप्रेस परियोजना का उद्देश्य आम यात्रियों को किफायती किराये पर आधुनिक, सुरक्षित और आरामदायक नॉन-एसी लंबी दूरी की यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्नत कोच, बेहतर यात्रा सुविधा, आधुनिक सुरक्षा प्रणालियों और बेहतर यात्री सुविधाओं से युक्त अमृत भारत ट्रेनें, किफायती और सुलभ सेवाओं के साथ विश्वस्तरीय रेल सेवाएं प्रदान करने की भारतीय रेल की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जयरामबाटी-बरोगोपीनाथपुर-मयनापुर नई रेललाइन का किया लोकार्पण

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सिंगूर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जयरामबाटी-बरोगोपीनाथपुर-मयनापुर रेलखंड (तारकेश्वर-बिष्णुपुर नई रेललाइन परियोजना का हिस्सा) का लोकार्पण किया। जयरामबाटी स्टेशन पर स्थानीय विधायक दीबाकर घरामी, निर्मल कुमार धारा तथा श्री श्री मातृ मंदिर, जयरामबाटी के उपाध्यक्ष स्वामी युगेश्वरानंद जी ने शुभ अवसर का साक्षी बने। इस नई रेल सुविधा से जयरामबाटी और कामारपुकुर जैसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों तक पहुंच आसान होगी, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। यह परियोजना बांकुड़ा जिले में क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत करने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक-आर्थिक अवसरों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करेगी।

### लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद का मेगा हेल्थ चेकप कैंप सम्पन्न




**कोलकाता :** लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद के तत्वावधान में एक मेगा हेल्थ चेकप का आयोजन गोवा बगान स्थित स्वप्नपूर कम्युनिटी हाल में किया गया, जिसमें 50से अधिक लोगों का हेल्थ चेकप के तहत ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी, नेत्र आदि का जांच किया गया। इसके अलावा संस्था द्वारा लगभग 120 जरूरत लोगों को स्वेटर, जैकेट और कंबल दिया गया। मेगा हेल्थ चेकप का उद्घाटन स्थानीय पार्षद स्वप्न कुमार दास ने किया। संस्था के अध्यक्ष राजेश मित्तल ने अपने संदेश में कहा कि मानव सेवा पुण्य कर्म है। यह सेवा करने का अवसर ईश्वरीय कृपा से मिलता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के उपाध्यक्ष अशोक चूड़ीवाल, सचिव संदीप तोदी, कैंप के संयोजक संतोष जाजोदिया, संयुक्त सचिव विजय जालान, राजेन्द्र सांगनेरिया, कमल सांगनेरिया, प्रमोद चमड़िया, अभिषेक राठी, रुचि राठी, निकुंज केड़िया सहित अन्य सक्रिय रहे।

### जटिल पैंक्रियाज कैंसर से पीड़ित विधवा की सफल सर्जरी हुई

**कोलकाता :** यह 33 साल की विधवा (जिन्होंने हाल ही में एक दुर्घटना में अपने पति को खो दिया था) को पेट के ऊपरी हिस्से में पीठ तक फैलने वाला हल्का दर्द हो रहा था, जिसके लिए उन्होंने एक डॉक्टर से सलाह ली। उनका अल्ट्रासाउंड किया गया जिसमें पैंक्रियाज में ट्यूमर का पता चला। इसके बाद उनका सीटी स्कैन हुआ, जिससे पैंक्रियाज के हेड में ट्यूमर होने की पुष्टि हुई और कैंसर होने की संभावना भी थी। मरीज ने डॉ. संजय मंडल से सलाह ली, जिन्होंने सर्जरी की सलाह दी। ट्यूमर को कैंसर मानते हुए उनकी एक बहुत ही जटिल लेकिन सफल व्हिपल सर्जरी हुई। सर्जरी जटिल थी क्योंकि पैंक्रियाज बहुत नरम था, और पैंक्रियाटिक डक्ट बिल्कुल दिखाई नहीं दे रही थी। इसलिए, पैंक्रियाज को आंत से जोड़ने के लिए उन्हें एक विशेष एनास्टोमोटिक तकनीक से गुजरना पड़ा।

# मौनी अमावस्या पर 4.52 करोड़ लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई



**प्रयागराज:** प्रयागराज में जारी माघ मेले में रविवार को मौनी अमावस्या पर शाम छह बजे तक 4.52 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। इस बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं और साधु संतों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कल रात 12 बजे से ही स्नान करने के लिए लोगों का गंगा और संगम क्षेत्र में आना जारी रहा। इस दौरान, सुबह स्नान के दौरान संगम नोज पर उस समय विवाद खड़ा हो गया, जब ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को भारी संख्या में समर्थकों के साथ संगम में जाने से पुलिस ने रोक दिया। पुलिस अधीक्षक (माघ मेला) नीरज पांडेय ने बताया कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बिना किसी अनुमति के 200-250 समर्थकों के साथ पुल नंबर 2 का बैरियर तोड़कर स्नान घाट की तरफ प्रवेश किया। पांडेय के मुताबिक, उन्हें बताया गया था कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है, इसके बावजूद वह नहीं माने और रोकने पर वह स्नान किए बगैर वापस चले गए। उन्होंने बताया, पुलिस प्रशासन सभी साधु संतों का सम्मान करती है, लेकिन श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। वहीं, शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी शैलेंद्र योगीराज ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि जगद्गुरु शंकराचार्य ज्योतिषपीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज को प्रशासन ने आज जानबूझकर स्नान करने से रोका। उन्होंने कहा, यह घटना पूरी तरह से सुनियोजित थी और प्रशासन ने जानबूझकर उन्हें स्नान करने से रोका जो निंदनीय कार्य है। योगीराज ने दावा किया, शंकराचार्य के समर्थक शांतिपूर्ण ढंग से संगम नोज की तरफ स्नान के लिए जा रहे थे, लेकिन षड्यंत्र के तहत प्रशासन के लोगों ने समर्थकों को धक्का दिया और संतों को बर्बरतापूर्वक पीटा। मौनी अमावस्या स्नान को लेकर मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बताया कि श्रद्धालुओं को सही रास्ता दिखाने के लिए मेला प्रशासन ने खंभों पर 'रिफ्लेक्टिव टेप' लगाए हैं और नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों ने भी श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि माघ मेला 800 हेक्टेयर क्षेत्र में सात सेक्टरों में लगाया गया है। मेला क्षेत्र में 25,000 से अधिक शौचालय बनाए गए हैं और 3500 से अधिक सफाईकर्मी तैनात हैं। अग्रवाल ने बताया कि छोटी अवधि का कल्पवास करने के इच्छुक लोगों के लिए माघ मेला में 'टेंट सिटी' बनाई गई है जहां ध्यान और योग आदि की सुविधाएं मौजूद हैं। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए बाइक टैक्सी और गोल्फ कार्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पांडेय ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए पूरे मेला क्षेत्र में 10,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात हैं। उन्होंने बताया कि माघ मेला 2025-26 में कुल 12,100 फुट लंबे घाटों का निर्माण किया गया है जिनमें सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मणिकर्णिका घाट की 'फर्जी' तस्वीरें फैलाने के आरोप में संजय सिंह व पप्पू यादव समेत 8 लोगों पर मुकदमा

**वाराणसी :** वाराणसी पुलिस ने मणिकर्णिका घाट पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों के बारे में सोशल मीडिया पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से निर्मित तस्वीरें, वीडियो और भ्रामक जानकारी प्रसारित करने के आरोप में आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह और कांग्रेस नेता पप्पू यादव सहित आठ लोगों के खिलाफ आठ प्राथमिकी दर्ज की हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) गौरव बंसल ने बताया कि घाट पर चल रहे सौंदर्यीकरण और श्मशान सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से संबंधित भ्रामक सामग्री फैलाने के आरोप में आठ व्यक्तियों और कुछ 'एक्स हैंडल' के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।

### धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में महिला गिरफ्तार

**मऊ (उप्र):** मऊ जिले में एक महिला को अपने घर में धर्म परिवर्तन से जुड़ी गतिविधियां संचालित करने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर कोतवाली इलाके की रहने वाली सविता नाम की महिला अपने घर से कथित तौर पर धर्म परिवर्तन की गतिविधियां संचालित कर रही थी। पुलिस ने मौके से धर्म परिवर्तन से संबंधित प्रचार सामग्री भी बरामद की है। उन्होंने बताया कि यह मामला राधेश्याम नामक व्यक्ति की शिकायत पर दर्ज किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सविता और उसके साथी आम लोगों को लालच देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे थे। अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने बताया कि मामले में विस्तृत जांच जारी है। इस काम में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है।

### मुजफ्फरनगर में एसआईआर ड्यूटी से गैरहाजिर रहने पर चार बीएलओ को नोटिस जारी

**मुजफ्फरनगर (उप्र):** मुजफ्फरनगर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) ड्यूटी से गैरहाजिर रहने के आरोप में चार बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को रविवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने यहां बताया कि ये नोटिस मुजफ्फरनगर विधानसभा क्षेत्र में शोभित, सपना मित्तल, उमा चौधरी और संगीता नामक बूथ स्तरीय अधिकारियों को जारी किए गये हैं। उनसे तीन दिन के अंदर जवाब मांगा गया है।

### गोंडा में 21 करोड़ रुपये के घोटाले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा (उप्र):** गोंडा जिले में यूपी कोऑपरेटिव बैंक से जुड़े 21 करोड़ रुपये के बहुचर्चित घोटाले के मुख्य आरोपी और तत्कालीन शाखा प्रबंधक पवन कुमार पाल को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार विशेष ऑडिट और बैंक की आंतरिक जांच रिपोर्ट में बड़े पैमाने पर अनियमितता सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) मनोज कुमार रावत ने बताया कि चार्टर्ड अकाउंटेंट से कराए गए विशेष ऑडिट और बैंक की जांच में खुलासा हुआ था कि भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों और बैंक की आंतरिक नीतियों की अनदेखी कर तत्कालीन शाखा प्रबंधक पवन कुमार पाल ने कुछ कर्मचारियों और अन्य लोगों के साथ मिलकर एक गिरोह बनाया।

### ट्रैक्टर ने मारी स्कूटी को टक्कर : दो चचेरी बहनों की मौत

**सुल्तानपुर (उप्र):** सुल्तानपुर जिले के गोसाईंगंज क्षेत्र में रविवार को एक अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर लगने से स्कूटी सवार दो चचेरी बहनों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने यहां बताया कि गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के वैदहा गांव निवासी प्रियदर्शिनी (16) अपनी सगी बहन प्रशाली तथा चचेरी बहन आनवी तिवारी (17) के साथ स्कूटी से सामान लेने के लिये मोतीगंज बाजार जा रही थीं और रास्ते में एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।

## मौनी अमावस्या पर शारदा नदी में डूबने से दो लड़कों समेत तीन लोगों की मौत



**पीलीभीत:** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में रविवार को मौनी अमावस्या स्नान पर्व के मौके पर शारदा नदी में डूबने से तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ये लोग धनारा घाट पर स्नान करने गये थे और डूब गये। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया ने बताया कि मौनी अमावस्या पर धनाराघाट में मेला लगा था और शारदा नदी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु डुबकी लगाने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि चंदिया हजारा निवासी सौरभ (14) और सुमित (15) अपने परिजनों के साथ भी मेले में पहुंचे थे और दोपहर में स्नान करते समय दोनों गहरे पानी में डूब गये। अधिकारी ने बताया कि दोनो नाबालिगों को डूबता देख अवधेश, शिवम विश्वास और अमित नाम के व्यक्ति उन्हें बचाने के लिए नदी में कूदे लेकिन शिवम और अमित किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहे। उन्होंने बताया कि 25 वर्षीय अवधेश भी नाबालिगों को बचाते समय गहरे पानी में डूब गया। दहिया ने बताया कि दुर्घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और तत्काल स्थानीय गोताखोरों की सहायता से डूबे लड़कों और अवधेश की खोज प्रारंभ की गई तथा कई घंटों के परिश्रम के बाद तीनों शवों को नदी से बाहर निकाल लिया गया।

## नीट अभ्यर्थी की मौत के मामले में संलिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा : सम्राट चौधरी



**पटना:** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को कहा कि पटना में चिकित्सा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय अर्हता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रही छात्रा की मौत में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। जहानाबाद जिले की 18 वर्षीय युवती इस महीने की शुरुआत में यहां चित्रगुप्त नगर में एक निजी 'गर्ल्स हॉस्टल' के कमरे में बेहोश मिली थी। वह नीट की तैयारी कर रही थी। कई दिनों तक कोमा में रहने के बाद 11 जनवरी को एक निजी अस्प-ताल में उसकी मौत हो गई थी। मृत छात्रा के परिवार ने आरोप लगाया है कि छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न हुआ था और प्रशासन मामले को दबाने की कोशिश कर रहा है। बिहार का गृह विभाग भी संभाल रहे चौधरी ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'पुलिस ने घटना की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर दिया है। पुलिस महानिदेशक स्वयं जांच की निगरानी कर रहे हैं। उनकी मौत में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।' इस छात्रा की मौत के बाद यहां बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए, जिसके बाद पुलिस ने छात्रावास के मालिक को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक चिकित्सा जांच में संकेत मिला था कि छात्रा ने बड़ी संख्या में नींद की गोलियां खा ली थीं और वह टाइफाइड से पीड़ित थी। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कहा गया है कि 'यौन हिंसा की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है'। परिवार के आरोप के बावजूद, पुलिस ने यह दावा किया कि चिकित्सा जांच रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज में यौन हमले का कोई संकेत नहीं मिला है। पटना पुलिस ने 13 जनवरी को एक बयान में कहा था, 'चिकित्सकों को यौन हमले के कोई संकेत नहीं मिले । उन्होंने कहा कि लड़की ने बड़ी संख्या में नींद की गोलियां खाई थीं और वह टाइफाइड से पीड़ित थी।' इस बीच, मृतका के परिजनों ने रविवार को हॉस्टल के वार्डन, चिकित्सकों और पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए मामले को दबाने का आरोप लगाया।

## न्यूज अपडेट

### दोषसिद्धि से पहले जमानत नागरिक का अधिकार : पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़



**जयपुर:** छात्र नेता उमर खालिद की जमानत नामंजूर किए जाने की पृष्ठभूमि में देश में उदारवादी मूल्यों के खतरे में पड़ने की चिंताओं के बीच देश के पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने रविवार को यहां कहा कि दोषसिद्धि से पहले जमानत प्राप्त करना एक नागरिक का अधिकार है। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि जिन मामलों में राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा शामिल हो, उनमें इस प्रकार की राहत देने से पूर्व मामले की गहराई से पड़ताल की जानी चाहिए। साल 2020 के दिल्ली दंगों संबंधी षड्यंत्र के मामले में जेल में बंद उमर खालिद और साथी कार्यकर्ता शरजील इमाम को जमानत देने से इंकार करते हुए शीर्ष अदालत ने पांच जनवरी को कहा था कि वे उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों की 'साजिश रचने, लोगों को एकत्र करने और रणनीति' बनाने में शामिल थे। इसके साथ ही पूर्व सीजेआई ने उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित कॉलेजियम व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और न्यायपालिका में आम नागरिक के भरोसे की बहाली और मजबूती के लिए नागरिक संस्थाओं से भी विशिष्ट व्यक्तियों को शामिल किए जाने का सुझाव दिया। हालांकि, उन्होंने कहा कि अब वह एक सामान्य नागरिक के रूप में अपने विचार रख रहे हैं।

### बम की सूचना पर दिल्ली से बागडोगरा जा रहे विमान को आपात स्थिति में लखनऊ हवाई अड्डे पर उतारा गया

**लखनऊ:** दिल्ली से बागडोगरा जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक उड़ान में बम होने की सूचना मिलने के बाद विमान को रविवार सुबह लखनऊ हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, हवाई यातायात नियंत्रक (एटीसी) को सुबह लगभग 8.46 बजे इंडिगो की उड़ान 6ई-6650 में बम होने की सूचना मिली। अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलते ही निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, विमान का मार्ग परिवर्तित किया गया और उसे सुबह 9.17 बजे आपात स्थिति में लखनऊ हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया। लखनऊ पुलिस आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, विमान के हवाई अड्डे पर उतरने के तुरंत बाद विमान को एक अलग स्थान पर खड़ा किया गया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच के दौरान, एक टीशू पेपर पर हाथ से लिखा एक नोट मिला, जिस पर 'प्लेन में बम' है, लिखा था। पुलिस ने बताया कि विमान में आठ शिशुओं सहित 222 यात्री, दो पायलट और चालक दल के पांच सदस्य सवार थे।

### ललन ने आरसीपी सिंह की जद(यू) में वापसी की संभावना को खारिज किया, प्रशांत किशोर पर निशाना साधा

**पटना:** जनता दल (यूनाइटेड) के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह 'ललन' ने रविवार को अपने प्रतिद्वंद्वी आरसीपी सिंह की पार्टी में वापसी की अटकलों को खारिज कर दिया। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर पर भी निशाना साधा। सिंह ने हाल ही में जद(यू) में संभावित वापसी का संकेत देते हुए दावा किया था कि वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को किसी और से बेहतर जानते हैं। इस बारे में पूछे जाने पर ललन सिंह ने कहा, जिन लोगों ने पार्टी को 70 से अधिक सीट से घटाकर 40 से कुछ अधिक सीट पर ला दिया, उनके लिए अब कोई जगह नहीं बची है। जनता ने एक बार फिर हम पर अपना विश्वास जताया है। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह से जब पूछा गया कि क्या प्रशांत किशोर के जद(यू) में वापसी की इच्छा व्यक्त करने पर उन्हें पार्टी में शामिल किया जा सकता है, तो उन्होंने कहा, वह कौन हैं? क्या वह वही नहीं हैं, जिन्होंने जद(यू) के 25 से अधिक सीट जीतने पर राजनीति से संन्यास लेने का वादा किया था? पार्टी ने इससे कहीं अधिक सीट जीती हैं। तो फिर वह अभी भी राजनीति में क्यों बने हुए हैं? प्रशांत किशोर 2020 में पार्टी से निष्कासित होने से पहले राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर थे।

### झारखंड: गुमला में 70 लाख रुपये के गांजे के साथ चार लोग गिरफ्तार

**रांची:** झारखंड के गुमला जिले में रविवार को करीब 70 लाख रुपये मूल्य के गांजे के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। ओडिशा से झारखंड में नशीले पदार्थों की तस्करी की सूचना मिलने पर पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया और पालकोट पुलिस थाना क्षेत्र के भीतर दातली बांध के पास संदिग्धों को रोका। गुमला एसपी हारिस बिन जमान ने कहा, हमने चार नशीले पदार्थों के तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके द्वारा चार पहिया वाहनों में ले जाई जा रही कुल 132 किलोग्राम गांजा जब्त की है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब्त किए गए नशीले पदार्थों का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 70 लाख रुपये है। पुलिस ने उनके पास से दो वाहन और चार मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। सभी आरोपी गुमला के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले हैं।

### अंतरराज्यीय आपराधिक गिरोह का सरगना गिरफ्तार, 50 हजार रुपये का था इनाम

लखनऊ: उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल(एसटीएफ) ने एक अंतरराज्यीय आपराधिक गिरोह के सरगना को रविवार को प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक, बल की टीम ने 'मेव गैंग' के सरगना इमरान उर्फ अनवर खां को प्रयागराज के घूरपुर क्षेत्र में अमरेहा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। बुलंदशहर के सलेमपुर के रहने वाले खां पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। बयान के अनुसार, एसटीएफ को सूचना मिली थी कि खां रीवा-प्रयागराज राजमार्ग पर अमरेहा तिराहे के पास मौजूद है और मौके पर पहुंची एसटीएफ की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। खां पर चित्रकूट, प्रयागराज और कौशाम्बी में कुल 14 मुकदमे दर्ज हैं। एसटीएफ के मुताबिक, खां ने पूछताछ में बताया है कि वर्ष 2020 में घूरपुर क्षेत्र में उसने अपने साथियों सिराज, आमिर, फखरूद्दीन, जाबिर, भीम सिंह और रामआसरे के साथ मिलकर डकैती की एक घटना को अंजाम दिया था और वे लोग समूह बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में दिन के समय लूट, चोरी या डकैती के लिए स्थान, मकान आदि का चयन करके घटना को अंजाम देते हैं।

## झारखंड: अंतरराज्यीय बाल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, 12 बच्चों को बचाया गया



**रांची:** झारखंड पुलिस ने रविवार को एक अंतरराज्यीय बाल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए राज्य के विभिन्न जिलों से अगवा किए गए 12 बच्चों को ढूंढ निकाला। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने महिलाओं सहित गिरोह के 13 सदस्यों को गिरफ्तार किया और करीब दो दर्जन संदिग्धों से पूछताछ जारी है। रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने बताया, विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अब तक 12 बच्चों को ढूंढ निकाला, जिन्हें राज्य के विभिन्न जिलों से एक सक्रिय अंतरराज्यीय बाल अपहरण गिरोह ने अगवा किया था। उन्होंने बताया कि बचाए गए बच्चों में 10 लड़कियां और दो लड़के शामिल हैं, जिनकी उम्र चार से 12 साल के बीच है। रंजन ने संवाददाताओं को बताया कि गिरोह के 13 सदस्यों को बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड और उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया, मामले की जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, बचाए गए बच्चों का अपहरण रांची, बोकारो, धनबाद, चाईबासा और लातेहार जिलों से किया गया था। उसने बताया कि सभी बच्चों को धुर्वा थाने लाया गया और उनकी पहचान करने व उन्हें उनके परिवारों से मिलाने के लिए डीएनए परीक्षण की व्यवस्था की जा रही है। पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला है कि 'गुलगुलिया गिरोह' के नाम से जाना जाने वाला यह गिरोह पिछले 10 साल से बच्चों के अपहरण में शामिल था। यह गिरोह बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में सक्रिय है। पुलिस के अनुसार, 'गुलगुलिया गिरोह' मुख्य रूप से गरीब परिवारों के बच्चों को निशाना बनाता था, क्योंकि उनके माता-पिता अक्सर कानूनी जानकारी से वंचित होते हैं और पुलिस से संपर्क करने में असमर्थ होते हैं।

## पुलिस का एक साथ 827 स्थानों पर छापा, 442 वांछित व असामाजिक तत्व गिरफ्तार

**जयपुर:** राजस्थान में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस की 200 से ज्यादा टीमों ने जयपुर शहर में रविवार तड़के एक साथ 827 स्थानों पर दबिश दी और तकरीबन 440 अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल ने बताया कि छापेमारी के दौरान 442 वांछित व असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया गया। विशेष पुलिस आयुक्त (अभियान) राहुल प्रकाश ने बताया कि पुलिस आयुक्तालय ने मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े बदमाशों, वांछित और असामाजिक तत्वों के विरूद्ध रविवार सुबह एक साथ कार्रवाई करते हुए संदिग्ध स्थानों पर छापा मारा। इस पूरी कार्रवाई को 'एरिया डॉमिनेशन' अभियान नाम दिया गया है। प्रकाश ने बताया कि पुलिस उपायुक्त (अपराध) अभिजीत सिंह के निर्देशन में पूरे जयपुर शहर में यह अभियान चलाया गया और इसका उद्देश्य कानून व्यवस्था को मजबूत बनाना और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना रहा। उन्होंने बताया कि सभी पुलिस उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं कि वे दुर्दांत व आदतन अपराधियों, महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों में वांछित आरोपियों, जघन्य अपराधों, शस्त्र अधिनियम व साइबर अपराध के मामलों के आरोपियों, इनामी अपराधियों, स्थायी वारंटियों तथा भगोड़ों की सूची तैयार कर विशेष टीमों का गठन करें। प्रकाश ने बताया कि अभियान के तहत 204 टीमों ने 827 स्थानों पर दबिश दी। अलग-अलग अधिनियमों के तहत 84 नए प्रकरण दर्ज कर 91 अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान मादक पदार्थ संबंधी कानून एनडीपीएस अधिनियम के तहत 10 प्रकरण दर्ज कर 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 21.65 ग्राम स्मैक जब्त की गई।

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा 'उपभोक्ता बाजार' : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र का सबसे बड़ा 'उपभोक्ता बाजार' उत्तर प्रदेश है। चिकित्सा प्रौद्योगिकी एवं स्वास्थ्य देखभाल तंत्र में निवेश, नवाचार और वैश्विक सहयोग के लिए यहां आयोजित तीन दिवसीय 'यूपी हेल्थ टेक कॉन्क्लेव' की शुरुआत करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, ''हमारे लिए यह सम्मेलन इसलिए महत्वपूर्ण है कि इस क्षेत्र का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार उत्तर प्रदेश है।'' उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है और उसके साथ ही अगल-बगल के राज्य तथा पड़ोसी देश नेपाल की भी स्वास्थ्य सुविधाओं का भार इस प्रदेश पर पड़ता है। मुख्यमंत्री ने 2014 में देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने और 2017 में उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए बदलावों का दावा करते हुए कहा कि इस राज्य ने भारत सरकार के साथ मिलकर पिछले आठ-नौ वर्षों के अंदर स्वास्थ्य क्षेत्र में परिवर्तन करने में व्यापक सफलता प्राप्त की है। स्वास्थ्य क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को बेहतर करने का प्रयास किया है। आदित्यनाथ ने कहा, ''2017 से पहले उत्तर प्रदेश में सरकारी और निजी क्षेत्र को मिलाकर कुल 40 मेडिकल कॉलेज थे और आज उत्तर प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज पूरी तरह क्रियाशील हैं, दो एम्स हैं, जिला स्तर के 100 से अधिक अस्पताल हैं, जो सरकार द्वारा संचालित होते हैं।'' उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) और 'वेल-नेस सेंटर' की लंबी श्रृंखला है जो दूर दराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में व्यापक परिवर्तन और सुविधा मजबूत होने के साथ ही अकेले उत्तर प्रदेश में साढ़े पांच करोड़ प्रधानमंत्री आयुष्मान गोल्डन कार्ड जारी किए गए और उनके लाभार्थियों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में इस परिवर्तन के कारण ही मृत्यु दर को नियंत्रित करने और संस्थागत प्रसव को राष्ट्रीय मानक के अनुरूप लाने में सफलता प्राप्त की गयी है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, सम्मेलन को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश को चिकित्सा प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य देखभाल नवाचार और फार्मा विनिर्माण का राष्ट्रीय तथा वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा, एक समय उत्तर प्रदेश वेक्टर जनित रोगों की चपेट में रहता था। मानसून आते ही इंसेफेलाइटिस (दिमागी बुखार), डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया व कालाजार जैसी बीमारियां विकराल रूप ले लेती थीं। इंसेफेलाइटिस के कारण पिछले 40 वर्षों में उत्तर प्रदेश में लगभग 50 हजार मासूम बच्चों की मृत्यु हुई थी। आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 में सरकार ने इंसेफेलाइटिस के खिलाफ निर्णायक अभियान शुरू किया और मात्र दो वर्षों के भीतर इस बीमारी को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया और आज उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस से शून्य मौत दर्ज की जा रही है।

## मौनी अमावस्या पर संगम तट पर हंगामा

- स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का रथ संगम जाने से रोका
- साधुओं से धक्का-मुक्की



**प्रयागराज:** मौनी अमावस्या पर संगम स्नान करने जा रहे ज्योतिष्ठ पीठाधीश्वर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के रथ को पुलिस प्रशास ने संगम जाने से रोक दिया। उनके रथ और जुलूस को रास्ते में रोकने पर माहौल तनावपूर्ण हो गया। रथ रोकने पर शंकराचार्य के समर्थक साधु-संतों और पुलिस में तीखी नोकझोंक हो गई। शंकराचार्य ने पुलिस और मेला प्रशासन पर मनमानी और तानाशाही करने का आरोप लगाया गया। घटना के चलते संगम पर अफरातफरी का माहौल हो गया। पुलिस से झड़प की सूचना वायरलेस पर प्रसारित होने के बाद बड़ी संख्या में अधिकारी फोर्स के साथ संगम तट पर पहुंच गए। पुलिस ने अविमुक्तेश्वरानंद को रथ से नीचे नहीं उतरने दिया। कहा कि जुलूस के साथ संगम तट तक जाने की अनुमति नहीं है। पांच लोगों के साथ जाकर स्नान करें। इस पर शंकराचार्य ने आपत्ति जाहिर की और पुलिस प्रशासन के रवैये को मनमाना बताया। घटना के बाद देखते ही देखते पूरा संगम क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। गृह सचिव मोहित गुप्ता, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार, मेलाधिकारी ऋषिराज आदि अधिकारी पहुंच गए।

**20 से अधिक साधु लिए गए हिरासत में**

पुलिस से झड़प के बाद शंकराचार्य के समर्थक 20 से अधिक साधु हिरासत में ले लिए गए हैं। संगम के घाटों पर स्नान चल रहा है। शंकराचार्य संगम के पहले ही समर्थकों के साथ बैठ गए हैं।

## झारखंड सरकार शहरी स्थानीय निकाय चुनावों की घोषणा करे : भाजपा

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की झारखंड इकाई ने राज्य सरकार से आगामी शहरी निकाय चुनाव पार्टी के आधार पर कराने और निर्वाचन की तारीखें यथाशीघ्र घोषित करने की रविवार को मांग की। भाजपा के एक नेता ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की अध्यक्षता में हुई बैठक में इन मांगों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि बैठक में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और मधु कोड़ा भी शामिल हुए। भाजपा प्रवक्ता अमित मंडल ने कहा कि बैठक के दौरान आगामी शहरी निकाय चुनावों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मंडल ने संवाददाताओं से कहा, हमने सरकार से मांग की है कि वह पार्टी के आधार पर चुनाव कराए और जल्द से जल्द चुनाव की तारीखों की घोषणा करे।झारखंड में रांची नगर निगम समेत शहरी निकाय चुनाव कई वर्षों से लंबित हैं। राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) के एक अधिकारी ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा इस महीने के अंत तक होने की संभावना है।

# कांग्रेस ने अपने शासन में वोट के लिए असम की जमीन घुसपैठियों को सौंप दी: प्रधानमंत्री मोदी

**कलियाबोर (असम) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने पूर्ववर्ती राज्य असम में अपने शासनकाल के दौरान वोट के लिए घुसपैठियों को जमीन सौंप दी। मोदी ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि असम में कांग्रेस शासन के दौरान दशकों तक घुसपैठ बढ़ती रही तथा अवैध प्रवासी वनों, जानवरों के गलियारों और पारंपरिक संस्थानों पर अतिक्रमण करते रहे। उन्होंने कहा, ''भाजपा सरकार अतिक्रमण करने वाले घुसपैठियों को निष्कासित करके असम की पहचान और संस्कृति की रक्षा कर रही है।'' प्रधानमंत्री ने कहा, घुसपैठिए जनसांख्यिकी संतुलन को बिगाड़ रहे हैं, संस्कृति पर हमला कर रहे हैं, गरीबों और युवाओं से रोजगार छीन रहे हैं, और आदिवासी क्षेत्रों में भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे हैं, जो असम और देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने लोगों को कांग्रेस से सतर्क रहने की चेतावनी दी और कहा कि उसकी केवल एक नीति है – घुसपैठियों की रक्षा करना और सत्ता हासिल करना। कांग्रेस और उसके सहयोगी इस दृष्टिकोण का पालन देश भर में कर रहे हैं, और बिहार चुनाव के दौरान उन्होंने घुसपैठियों को बचाने के लिए मार्च व रैलियां आयोजित की थीं। लेकिन वहां की जनता ने उन्हें पूरी तरह नकार दिया। मोदी ने कहा कि असम की जनता भी उन्हें करारा जवाब देगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने लोगों का भरोसा खो दिया है क्योंकि वह ''नकारात्मक राजनीति का संदेश'' देती है और अब देश में मतदाताओं की ''पहली पसंद'' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) है। उन्होंने कहा, ''मतदाता सुशासन और विकास के लिए भाजपा पर भरोसा करते हैं। बिहार चुनाव में लोगों ने 20 साल सत्ता में रहने के बाद भी पार्टी को रिकॉर्ड संख्या में वोट और सीट दीं।'' मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र के नगर निकाय चुनाव में भी लोगों ने भाजपा को वोट दिया और केरल में भी ''अब हमारे पास पार्टी का एक महापौर'' है।'' उन्होंने कहा, दो दिन पहले ही, महाराष्ट्र के प्रमुख शहरों में महापौर और पार्षद चुनावों के परिणाम घोषित किए गए थे। दुनिया की सबसे बड़ी महानगरपालिकाओं से एक मुंबई ने पहली बार भाजपा को रिकॉर्ड जनादेश दिया, जबकि राज्य के अधिकांश शहरों के लोगों ने हमें सेवा का अवसर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, देश भर में हालिया चुनाव परिणाम स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि मतदाता सुशासन और विकास चाहते हैं, जिसमें प्रगति और धरोहर दोनों पर ध्यान केंद्रित किया जाए। उन्होंने कहा, ये चुनाव यह संदेश भी देते हैं कि देश लगातार विपक्षी दल की नकारात्मक राजनीति को नकार रहा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने देश का विश्वास खो दिया है क्योंकि उसके पास विकास के लिए कोई एजेंडा नहीं है, और ऐसी पार्टी असम या काजीरंगा के हितों को कभी पूरा नहीं कर सकती। प्रधानमंत्री ने कहा कि काजीरंगा केवल एक राष्ट्रीय उद्यान नहीं है, बल्कि 'असम की आत्मा और भारत की जैव विविधता का एक अमूल्य रत्न है, जिसे यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता दी है। प्रधानमंत्री नगांव जिले में एक रैली को संबोधित कर रहे थे।




### प्रधानमंत्री मोदी ने काजीरंगा कॉरिडोर की आधारशिला रखी, दो अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को असम के नगांव जिले में 6,957 करोड़ रुपये की काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना की आधारशिला रखी और दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाई। असम की अपनी दो दिवसीय यात्रा के अंतिम चरण में गुवाहाटी से यहां पहुंचे मोदी ने काजीरंगा परियोजना के 'भूमि पूजन' में हिस्सा लिया। एक अधिकारी ने कहा कि यह कॉरिडोर काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और बाघ अभ्यारण्य के निकट वन्यजीवों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने, राष्ट्रीय राजमार्ग–715 पर सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाया जाएगा, जबकि स्थानीय रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

### असम के विकास की यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर : हिमंत

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखने के साथ ही राज्य अपनी विकास यात्रा के एक अहम मुकाम पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य मध्य और ऊपरी असम के बीच संपर्क को बेहतर बनाना और 'यूनेस्को' (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) विश्व धरोहर स्थल तथा एक सींग वाले गैंडे के निवास स्थान काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की समृद्ध जैव विविधता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने नगांव जिले में प्रधानमंत्री द्वारा विकास परियोजनाओं की आधाशिला रखने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एक समय यह अकल्पनीय था कि कोई प्रधानमंत्री केवल वन्यजीवों की रक्षा के लिए काजीरंगा से होकर गुजरने वाले 35 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर के वास्ते करीब 7,000 करोड़ रुपये की धनराशि को मंजूरी देगा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### असम : भारत में दाखिल होने की कोशिश कर रहे 14 विदेशियों को वापस भेजा गया

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य में दाखिल हुए 14 विदेशी नागरिकों को पकड़कर वापस सीमापार भेज दिया गया। उन्होंने हालांकि, इस बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की कि ये घुसपैठिए कहां से आए थे या उनकी जाति क्या थी। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह मिशन जारी है। हमने आज तड़के 14 अवैध घुसपैठियों को खदेड़ दिया, इनमें से कुछ अवसर की तलाश में थे, जबकि कुछ आदतन उपद्रवी थे।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''आप भले ही छिपे हों, लेकिन हम आपको ढूंढ निकालेंगे और भारत से बाहर कर देंगे... हम एक सुरक्षित असम के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' असम के श्रीभूमि, कछार, धुबरी और दक्षिण सलमारा–मनकाचर जिले बांग्लादेश के साथ 267.5 किमी लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करते हैं।

### भुवनेश्वर में शराब के नशे में धुत व्यक्ति ने अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को रोका

**भुवनेश्वर :** रंगापानी–नागरकोइल अमृत भारत एक्सप्रेस को रविवार को उस समय कुछ देर के लिए रोका गया, जब यह ट्रेन स्थानीय स्टेशन में प्रवेश कर रही थी और नशे में धुत एक व्यक्ति पटरी पर बैठ गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि लक्ष्मीसागर इलाके के निवासी पी. अप्पन्ना राव (38) लोको पायलट द्वारा बार–बार हॉर्न बजाए जाने के बावजूद ट्रैक से हटने से नहीं हटा। ईस्ट कोस्ट रेलवे (ईसीओआर) ने एक बयान में कहा कि लोको पायलट ने तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाए और ट्रेन को पूरी तरह से रोक दिया। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान और ट्रेन के साथ चल रहे कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे तथा उस व्यक्ति को हिरासत में ले लिया।

### गैलेक्सीआई 'मिशन दृष्टि' के लिए तैयार, 2030 तक 10 उपग्रह प्रक्षेपित करने का लक्ष्य

**नयी दिल्ली :** अंतरिक्ष क्षेत्र का स्टार्टअप गैलेक्सीआई अपनी तरह के पहले उपग्रह को प्रक्षेपित करने की तैयारी में है जो 'ऑप्टिकल' और 'रडार सेंसर' से प्राप्त आंकड़ों को एकीकृत कर पृथ्वी की तस्वीरें तैयार करेगा। इन तस्वीरों का उपयोग रक्षा से लेकर कृषि तक कई क्षेत्रों में किया जा सकेगा। स्टार्टअप की इस वर्ष की पहली तिमाही में 'मिशन दृष्टि' नामक बहु–संवेदी पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को प्रक्षेपित करने और 2030 तक इसे 10 उपग्रहों के एक समूह में विस्तारित करने की योजना है। गैलेक्सीआई के सह–संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुयश सिंह ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, 'मिशन दृष्टि वैश्विक स्तर पर पहला ऐसा उपग्रह है, जिसमें एक ही प्लेटफॉर्म पर रडार सेंसिंग और ऑप्टिकल इमेजिंग को एकीकृत किया गया है। इसके साथ ही यह भारत का निजी तौर पर विकसित सबसे बड़ा उपग्रह भी है।'' सिंह ने बताया कि गैलेक्सीआई अगले कुछ वर्षों में दो और उपग्रह तैनात करने की योजना बना रहा है और दशक के अंत तक छह–सात अतिरिक्त उपग्रह जोड़कर कुल संख्या 2030 तक 10 करने का लक्ष्य है।

## जब चीजें सुचारू रूप से चलने लगें तो पुरानी पीढ़ी को पीछे हट जाना चाहिए: गडकरी

**नागपुर :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को अगली पीढ़ी को जिम्मेदारियां सौंपने की वकालत करते हुए कहा कि जब चीजें सुचारू रूप से चलने लगें तो पुरानी पीढ़ी को पीछे हट जाना चाहिए। नागपुर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में गडकरी, विदर्भ–खासदार औद्योगिक महोत्सव के बारे में बात कर रहे थे जिसकी परिकल्पना उन्होंने की थी। विदर्भ–खासदार औद्योगिक महोत्सव का आयोजन एसोसिएशन फॉर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट (एआईडी) के अध्यक्ष आशीष काले द्वारा किया गया था। गडकरी ने कहा कि काले ने युवा पीढ़ी को 'एडवांटेज विदर्भ' पहल में शामिल किया है। उन्होंने कहा, ''मेरा मानना है कि धीरे–धीरे पीढ़ी में भी बदलाव आना चाहिए।'' गडकरी ने कहा, ''आशीष के पिता मेरे मित्र हैं। अब



हमें धीरे–धीरे सेवानिवृत्त होना चाहिए और जिम्मेदारी नयी पीढ़ी को सौंप देनी चाहिए और जब यह व्यवस्था सुचारू रूप से चलने लगे, तब हमें भी सेवानिवृत्त होकर कोई और काम करना चाहिए।'' एआईडी के मुख्य मार्गदर्शक गडकरी ने बताया कि नागपुर में छह से आठ फरवरी तक आयोजित हो रहे 'एडवांटेज विदर्भ एक्सपो' का यह तीसरा वर्ष है। गडकरी ने कहा कि विदर्भ क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों में बहुत अच्छे उद्यमी हैं।

## पुस्तक मेले के थीम मंडप में सशस्त्र बलों की विरासत का प्रदर्शन

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में थीम मंडप के तहत सशस्त्र बलों की विरासत को प्रदर्शित किया गया है, जिसमें देहरादून स्थित प्रतिष्ठित आईएमए भवन को समर्पित एक सुसज्जित प्रवेश द्वार, परम वीर चक्र प्राप्तकर्ताओं के बारे में जानकारी देता एक गलियारा और 'वीआर' तकनीक की मदद से एक स्वदेशी विमानवाहक पोत की आभासी सैर शामिल है। यह मंडप मेले के मुख्य विषय 'भारतीय सैन्य इतिहास : 75 साल का शौर्य और ज्ञान' को दर्शाता है। इसकी एक दीवार पर लगा विशाल पैनल आजादी के बाद से भारत की प्रमुख सैन्य घटनाओं को चित्रित करता है, जिसमें 1947 के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर 2025 में 'ऑपरेशन सिंदूर' तक की अवधि शामिल है। नयी दिल्ली विश्व पुस्तक मेला–2026 दस से 18 जनवरी तक भारत मंडपम में आयोजित किया गया। इसमें 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष और स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती का जश्न मनाया गया। हालांकि, इस विशाल स्थल के एक बड़े हॉल में निर्मित थीम मंडप बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित कर रहा है। आगंतुक लाल और सफेद प्रवेश द्वार से थीम मंडप में प्रवेश करते हैं, जो प्रसिद्ध 'चेटवुड बिल्डिंग' की याद दिलाता है। 'चेटवुड बिल्डिंग' देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) की मुख्य इमारत है। मंडप के दूसरे छोर पर रखी किताबें खड़कवासला स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के 'सूडान ब्लॉक' के प्रति सम्मान व्यक्त करती हैं।

### अदालत ने 7.65 रुपये की चोरी का मामला पांच दशक के बाद बंद किया

**मुंबई :** मुंबई की एक अदालत ने 7.65 रुपये की चोरी के लगभग 50 साल पहले के एक मामले को बंद कर दिया है। वर्ष 1977 के इस अनसुलझे मामले में दो अज्ञात आरोपी और एक शिकायतकर्ता शामिल थे, जो दशकों तक पुलिस की तलाशी के बावजूद लापता रहे। यह फैसला दशकों पुराने मामलों में हाल के फैसलों में से एक है जो लंबे समय से ठंडे बस्ते में पड़े हैं। मझगांव अदालत ने पुराने मामलों के निपटारे के अपने प्रयास के तहत 1977 के मामले को बंद कर दिया, जिसके आरोपियों की या तो मृत्यु हो चुकी है, अज्ञात हैं या उनका पता नहीं लगाया जा सका है। वर्ष 1977 के चोरी के इस मामले में दो अज्ञात व्यक्तियों पर 7.65 रुपये चुराने का आरोप था, जो पांच दशक पहले एक बड़ी रकम थी।

## यूएई के राष्ट्रपति अल नाहयान आज भारत की यात्रा पर आएंगे

**नयी दिल्ली :** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान भारत के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तौर तरीकों पर चर्चा करने के लिए सोमवार को नयी दिल्ली की यात्रा पर आएंगे। उनकी भारत यात्रा पश्चिम एशिया में ईरान–अमेरिका संबंधों में आई तीव्र गिरावट, यमन को लेकर सऊदी अरब और यूएई के बीच बढ़ते तनाव और गाजा में अस्थिर राजनीतिक परिदृश्य के कारण उत्पन्न स्थिति के बीच हो रही है। यूएई के राष्ट्रपति की यात्रा के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि व्यापार और निवेश, रक्षा उद्योग सहयोग और ऊर्जा पहलों पर भारतीय नेतृत्व के साथ वार्ता होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी



दोनों देशों के नेताओं के बीच मुलाकात के दौरान चर्चा होने की संभावना है। विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति 19 जनवरी को भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। सत्ता संभालने के बाद से नाहयान की यह भारत की तीसरी आधिकारिक यात्रा होगी, जबकि गत 10 वर्षों में यह उनकी पांचवीं यात्रा होगी।

## बिहार सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही, महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के प्रति असंवेदनशील: तेजस्वी

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने एक नीट अभ्यर्थी की मौत को लेकर राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर रविवार को निशाना साधा और उस पर महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के प्रति असंवेदनशील होने तथा अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। तेजस्वी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आलोचना करते हुए कहा कि वह इस तरह की घटनाओं पर चुप्पी साधे हुए हैं। राजद नेता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, बिहार में मशीन–निर्मित 'डबल इंजन' वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार भ्रष्ट व्यक्तियों, अपराधियों और



बलात्कारियों का हथियार बन गई है। वोटों की खरीद–फरोख्त से बनी बिहार की असंवेदनशील नीतीश सरकार राज्यभर में लड़कियों, छात्राओं, बेटियों और महिलाओं पर अत्याचार कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में कानून–व्यवस्था का अंतिम संस्कार पहले ही हो चुका है। तेजस्वी ने कहा, राज्य में सत्ता की बागडोर संभालने वाले लोग इन दिल दहला देने वाली घटनाओं पर चुप्पी साधे हुए हैं और संत होने का दिखावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मधेपुरा में एक महिला के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या, खगड़िया में चार साल की बच्ची के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या, पटना में राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रही छात्रा के साथ बलात्कार और हत्या जैसी घटनाएं दर्शाती हैं कि यह सरकार कितनी निर्दयी एवं क्रूर हो गई है।

## उत्तराखंड: हरिद्वार में कार और ई-रिक्शा की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत

**हरिद्वार :** उत्तराखंड के हरिद्वार जिले में रविवार को एक कार और एक ई–रिक्शा की आमने–सामने की भीषण टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह



जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि लक्सर मार्ग पर फेरूपुर गांव में हुआ हादसा इतना भीषण था कि अनियंत्रित कार से टकराने के बाद ई–रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मची चीख–पुकार सुनकर स्थानीय लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को वाहन से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। हरिद्वार के नगर पुलिस अधीक्षक अभय प्रताप ने बताया कि घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान फेरूपुर निवासी कार चालक विकास कुमार, रुड़की निवासी चरण सिंह और लक्सर के नसीरपुर खुर्द के रहने वाले ई–रिक्शा चालक आस मुहम्मद के रूप में हुई है।

### जम्मू–कश्मीर में अलगाववादी तत्वों को पुनर्जीवित करने के लिए 'क्रिप्टो हवाला' के इस्तेमाल का संदेह

**श्रीनगर/नयी दिल्ली :** सुरक्षा एजेंसियों ने एक 'क्रिप्टो हवाला' नेटवर्क का पता लगाया है, जो देश के वित्तीय सुरक्षा उपायों को दरकिनार करते हुए जम्मू–कश्मीर में विदेशी धन का अवैध प्रवाह कर रहा है। इससे गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं कि इस धन का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों को समर्थन देने के लिए किया जा रहा है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस आशंका के बाद सुरक्षा एजेंसियां उच्च सतर्कता बरत रही हैं। उन्होंने चेताया कि इस गुप्त धन का उद्देश्य अलगाववादी तत्वों को पुनर्जीवित करना और केंद्र–शासित प्रदेश के भीतर राष्ट्र–विरोधी विमर्श को फिर से भड़काना है, जिसे पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से लगभग निष्क्रिय कर दिया गया था। परंपरागत हवाला प्रणाली में जहां गैर–बैंकिंग तंत्र के माध्यम से पैसा भेजा जाता है, वहीं 'क्रिप्टो हवाला' के तहत डिजिटल तरीके से अनियमित क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल किया जाता है, ताकि लेन–देन का पता लगाना संभव न हो।

### उत्तर भारत में शीत लहर: कश्मीर में न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट, हिमाचल में हल्का हिमपात

नयी दिल्ली : देश के उत्तरी हिस्सों में शीत लहर की स्थिति बरकरार है, जिसके चलते रविवार को कश्मीर में न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट आई और पंजाब के अमृतसर में पारा 1.7 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह हरियाणा के नूंह जिले में कुंडली–मानेसर–पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे के कारण कई वाहनों की टक्कर में एक ट्रक चालक सहित दो लोगों की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना के कारण लंबा जाम लग गया और एक्सप्रेसवे पर यातायात बुरी तरह बाधित हो गया। पुलिस के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में रविवार सुबह घने कोहरे के बीच दिल्ली–लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कम से कम 20 वाहनों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम 24 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि जम्मू–कश्मीर का सोनमर्ग घाटी में सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से 8.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.7 डिग्री सेल्सियस नीचे लुढ़क गया। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में (विशेष रूप से घाटी के ऊपरी इलाकों में) बारिश होने का अनुमान जताया है। दक्षिण कश्मीर के शोपियां में न्यूनतम तापमान शून्य से 6.7 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से छह डिग्री सेल्सियस नीचे रहा।

## एसयूवी के तालाब में गिरने से तीन लोगों की मौत



**जगदलपुर :** छत्तीसगढ़ में जगदलपुर के बाहरी इलाके में एक एसयूवी सड़क से फिसलकर तालाब में जा गिरी जिससे उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना शनिवार देर रात कालीपुर इलाके में हुई। उन्होंने कहा कि एसयूवी में सवार लोग पास के कालीपुर में क्रिकेट टूर्नामेंट खेलकर बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर लौट रहे थे और वाहन की रफ्तार काफी अधिक थी।

## पंजाब: गैंगस्टर गोल्डी बराड़ से जुड़े जबरन वसूली गिरोह का भंडाफोड़, 10 लोग गिरफ्तार

**लुधियाना :** पंजाब पुलिस ने रविवार को दावा किया कि उसने 10 लोगों को गिरफ्तार करके विदेश में रहने वाले गैंगस्टर गोल्डी बराड़ से जुड़े एक अवैध हथियार और जबरन वसूली गिरोह को खत्म कर दिया है। लुधियाना के पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा ने बताया कि उनके पास से दो ऑस्ट्रियन ग्लॉक पिस्तौल समेत 12 अत्याधुनिक हथियार, मैगजीन और कारतूस बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आरोपियों को तीन सप्ताह तक चले अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। आयुक्त ने कहा कि उन्हें राज्य में अराजकता फैलाने के लिए अवैध हथियारों की तस्करी,



जबरन वसूली और हत्याओं का काम सौंपा गया था। पुलिस आयुक्त ने बताया कि गहन निगरानी और खुफिया जानकारी जुटाने के बाद पुलिस ने इस गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान जतिन, जसप्रीत, शुभम, जतिन कटारिया, राजेश, मानव, विकासपाल और नरेश सेठी के रूप में हुई है।

## नए आयामों के कारण युद्ध अब जटिल हो गए हैं: राजनाथ

**नागपुर :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को यहां कहा कि युद्ध बहुत जटिल हो गए हैं और अब ये केवल सीमाओं तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि ऊर्जा, व्यापार, शुल्क, आपूर्ति शृंखला, प्रौद्योगिकी और सूचना भी इसके नए आयामों का हिस्सा हैं। यहां 'सोलर इंडस्ट्रीज' में मध्यम क्षमता वाले गोला–बारूद संयंत्र के उद्घाटन समारोह में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब रक्षा उत्पादन केवल सार्वजनिक क्षेत्र तक सीमित था और किसी ने भी निजी क्षेत्र की भागीदारी के बारे में नहीं सोचा था। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के पास क्षमता और संभावना तो थी, लेकिन उसकी भागीदारी उस स्तर पर नहीं थी जितनी होनी चाहिए थी। सिंह ने



कहा कि जब देश 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में कदम बढ़ा रहा था तब निजी क्षेत्र के रक्षा उत्पादन को लेकर चुनौतियां और संदेह थे, लेकिन वर्तमान सरकार ने नीतियों में बदलाव लाकर और प्रक्रियाओं को सरल बनाकर इस क्षेत्र के लिए द्वार खोल दिए, क्योंकि सरकार को निजी क्षेत्र की क्षमता पर पूरा भरोसा था। उन्होंने कहा, ''इससे गुणवत्ता में सुधार, समयबद्ध कार्य निष्पादन में वृद्धि और उत्पादकता एवं वितरण में भी तेजी आई है। हमारे रक्षा तंत्र में काफी सुधार हुआ है। निजी रक्षा क्षेत्र में वैज्ञानिक सोच और प्रौद्योगिकी आधारित दृष्टिकोण का विकास जिस प्रकार हुआ है वह अत्यंत सराहनीय है।'' केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अनुसंधान एवं विकास के मामले में निजी क्षेत्र अब सार्वजनिक क्षेत्र से आगे निकल चुका है। सिंह ने कहा कि भारत एक प्रमुख हथियार निर्यातक बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गोला–बारूद की आपूर्ति में कमी महसूस की गई थी, लेकिन सरकार ने इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता लाई है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल किए गए पिनाका मिसाइलों और नागास्त्र ड्रोन जैसी विभिन्न रक्षा उत्पादन क्षमताओं के लिए सोलर समूह की सराहना की। सिंह ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि भारत गोला–बारूद उत्पादन का वैश्विक केंद्र बने।

### ईडी ने ओडिशा के गंजाम में छापेमारी के दौरान 2.63 करोड़ रुपये नकद और कई वाहन जब्त किये

**भुवनेश्वर :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ओडिशा के गंजाम जिले में 25 से अधिक स्थानों पर छापेमारी के दौरान 2.63 करोड़ रुपये नकद और कई वाहन जब्त किए हैं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक, यह कार्रवाई रेत और काले पत्थर के अवैध खनन तथा उससे जुड़ी धनशोधन गतिविधियों के संबंध में जारी जांच के अंतर्गत की गई है। ईडी ने एक बयान में कहा कि उसके भुवनेश्वर क्षेत्रीय कार्यालय ने 16 जनवरी को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत छापेमारी की और अवैध खनन में शामिल एक गिरोह के साथ–साथ देसी शराब के कारोबार से जुड़े ठेकेदारों और मालिकों का भंडाफोड़ किया।

## ईडी ने ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में आरोप पत्र दाखिल किया, पाकिस्तानी नागरिक कर रहा था संचालन

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय ने एक ऑनलाइन सट्टेबाजी वेबसाइट के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है, जिसके पाकिस्तानी निदेशक संयुक्त अरब अमीरात में रहते हैं। संघीय एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी। 'मैजिकविन' मामले में कुल 14 व्यक्तियों और कंपनियों को आरोपी बनाया गया है। भारत ने 2025 में वास्तविक धन वाले ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार ने इसे एक वित्तीय और सामाजिक खतरा बताते हुए कहा कि इसमें उपयोगकर्ताओं, विशेष रूप से युवाओं की मेहनत से कमाए गए धन बर्बाद हो जाते हैं। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अभियोजन शिकायत (जो आरोप पत्र के समकक्ष है) 15 जनवरी को गुजरात के अहमदाबाद में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत में दाखिल की गई। ईडी के मुताबिक धनशोधन का यह मामला अहमदाबाद साइबर अपराध पुलिस द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी पर आधारित है, जिसमें पोर्टल पर आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के मैच की अनधिकृत मेजबानी, स्ट्रीमिंग और प्रसारण के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आधिकारिक रूप से ये अधिकार स्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को दिए थे। ईडी ने बताया कि मैजिकविन स्पोर्ट्स लिमिटेड इस ब्रांड पोर्टल की मालिक है और यह कंपनी ब्रिटेन में पंजीकृत है। उसने बताया कि पाकिस्तानी नागरिक गुलाब हरजी मल और ओमेश कुमार गुरनानी इसके निदेशक हैं और दोनों कथित तौर पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रहते हैं। बयान के मुताबिक पोर्टल और उसका मोबाइल ऐप एक 'सट्टेबाजी मंच' की तरह काम कर रहे थे जो सभी प्रकार की खेल सट्टेबाजी और मनोरंजन के लिए जुआ खेलने की सुविधा प्रदान करता था और लेनदेन के लिए संदिग्ध खातों का इस्तेमाल करता था।

